Email : bulandmedia@gmail.com www.bulandmedia.in



7

# बुलंद मीडिया

बिलासपुर, रायपुर, भिलाई एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित



6

वर्ष : 1 अंक : 31 प्रात:कालीन दैनिक बिलासपुर शुक्रवार 10 मई 2024 पृष्ठ : 8 मूल्य : 01/-

सोमवार से चल रही थी मुठभेड़

## कुलगाम में 40 घंटे से जारी मुठभेड़ खत्म, तीन आतंकियों को किया ढेर

जम्मू कश्मीर, एजेंसी

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में लगभग 40 घंटे से आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच जारी मुठभेड़ खत्म हो गई। सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। भारतीय सेना के चिनार कोर ने एक्स पर बताया कि कुलगाम के सामान्य क्षेत्र रेडवानी पाइन में 6-7 मई की मध्यरात्रि को शुरू हुआ एक संयुक्त अभियान लगभग 40 घंटे की निरंतर निगरानी के बाद समाप्त हो गया है। साथ ही तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया है। रेडवानी इलाके में सोमवार से चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने बुधवार शाम को एक और आतंकी को मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके साथ ही इस मुठभेड़ में तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने ढेर किया। इससे पहले मंगलवार को टीआरएफ का शीर्ष कमांडर बासित अहमद डार और उसका साथी फहीम अहमद बाबा मारा गया था।



### पुंछ हमले में शामिल 3 आतंकियों के फोटो सामने आए

पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में लश्कर-ए-ताइबा का कमांडर अबू हमजा समेत तीन से ज्यादा आतंकी शामिल थे। सीसीटीवी में कैद तीन दहशतगर्दों की तस्वीरें बुधवार को वायरल हो गईं। एक प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि शनिवार को हुए हमले में आतंकी 20 मिनट तक अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे।

2015 में था नौवां स्थान

## सौर ऊर्जा उत्पादन में जापान को पछाड़ कर तीसरे स्थान पर पहुंचा भारत

नई दिल्ली , एजेंसी

भारत 2023 में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में काम कर रहे शोध संस्थान एंबर की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। भारत 2015 में सौर ऊर्जा के उपयोग के मामले में नौवें स्थान पर था। भारत पिछले कुछ सालों से सौर ऊर्जा के इस्तेमाल पर काफी जोर दे रहा है और यह कामयाबी इसी का परिणाम है। एंबर ने 'ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2023 में वैश्विक बिजली उत्पादन का 5.5 प्रतिशत सौर ऊर्जा के रूप में हुआ। वैश्विक ट्रेंड के अनुरूप भारत ने पिछले साल कुल बिजली उत्पादन का 5.8 प्रतिशत सौर ऊर्जा से हासिल किया। पवन और सौर ऊर्जा में उल्लेखनीय वृद्धि ने वैश्विक बिजली मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी को 30 फीसदी से अधिक और पूर्ण स्वच्छ उत्पादन को लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। परिणामस्वरूप, दुनिया की बिजली की कार्बन तीव्रता एक नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई।



### भारत में तेजी से बढ़ रहा है उत्पादन

भारत में 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में जो वृद्धि है, वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वृद्धि थी। भारत इस मामले में चीन, अमेरिका और ब्राजील से पीछे रहा। इन चारों देशों की सौर ऊर्जा वृद्धि में हिस्सेदारी 2023 में 75 प्रतिशत रही।

संदेशखाली केस

## पीड़िता ने शाहजहां शेख के खिलाफ शिकायत वापस ली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के कथित उत्पीड़न का मामला चर्चा में है। भाजपा एक तरफ सच को दबाने के आरोप लगा रही है को दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने विपक्षी पार्टी भाजपा पर झूठ फैलाने के आरोप लगाए हैं। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में चनाल आयोग से शिकायत की है। वरिष्ठ तृणमूल नेता और राज्य सरकार में मंत्री शशि पंजा ने कहा कि मनगढ़ंत डराने-धमकाने के इस घृणित कृत्य को बख्शा नहीं जाएगा। इसी बीच मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि पीड़िताओं में एक ने शाहजहां शेख के खिलाफ दर्ज शिकायत वापस ले ली है।



### सुवेंदु अधिकारी पर खराब बर्ताव के आरोप

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तृणमूल नेता शशि पंजा ने कहा, महिलाएं अब कह रही हैं कि उनसे झूठी शिकायत दर्ज करवाने के लिए कहा गया था। महिलाएं अपनी शिकायत वापस लेना चाहती हैं। सुवेंदु अधिकारी ने बांकुरा में एक रैली की जहां उन्हें तृणमूल की महिला कार्यकर्ताओं का विरोध झेलना पड़ा। सुवेंदु अपना आपा खो बैठे और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया।

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की जमानत का विरोध किया:कहा-

## प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं; कोर्ट ने कहा था- चुनाव 5 साल में होते हैं

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत का विरोध किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्वष्ठ ने अदालत में एफिडेविट फाइल किया। एजेंसी ने कहा कि वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और इससे पहले किसी नेता को प्रचार के लिए न्यायिक हिरासत से जमानत नहीं मिली है। प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट श्वष्ठ के डिप्टी डायरेक्टर भानु प्रिया ने दाखिल किया। कल यानी शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुनाएगा। दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल अभी ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं। जमानत के लिए केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट गए हैं। पिछली सुनवाई यानी 2 मई को सुप्रीम कोर्ट ने ईडीसे कहा था कि चुनाव 5 साल में आते हैं, ये असाधारण परिस्थिति है। कोर्ट ने कहा था कि अगर हम केजरीवाल को जमानत देते हैं तो हमारी शर्त रहेगी कि वे सरकार के काम में दखलंदाजी नहीं करेंगे।



### राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 मई तक बढ़ाई केजरीवाल की न्यायिक हिरासत

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 7 मई को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी। इससे पहले कोर्ट ने 23 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ाई थी। 21 मार्च को केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद 22 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई, जहां से उन्हें 28 मार्च तक श्वष्ठ की रिमांड पर भेजा गया। 1 अप्रैल से वे तिहाड़ जेल में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अगर जमानत दी जाती है तो केजरीवाल सरकारी काम में दखल नहीं देंगे। वो अपने आधिकारिक कार्य नहीं करेंगे। ऐसा हुआ तो हितों का टकराव पैदा होगा और हम यह नहीं चाहते। मई को जमानत पर सुनवाई के दौरान कोर्ट के 4 कमेंट जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा- केजरीवाल कोई आदतन अपराधी नहीं हैं।

## छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में लड़कियों ने मारी बाजी, 12वीं 80.74% और 10वीं 75.64% रहा रिजल्ट

**छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गुरुवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड के रिजल्ट जारी कर दिये हैं। हाईस्कूल परीक्षा में 75.61 प्रतिशत और हायर सेकंडरी परीक्षा में 80.74 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज गुरुवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड के रिजल्ट जारी कर दिये हैं। हाईस्कूल परीक्षा में 75.61 प्रतिशत और हायर सेकंडरी परीक्षा में 80.74 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के टॉप -10 में कुल 59 विद्यार्थी और बारहवीं बोर्ड परीक्षा की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में 20 विद्यार्थी हैं। दसवी बोर्ड परीक्षा के मैरिट लिस्ट में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम जशपुर की सिमरन सब्बा ने 99.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल कोपरा जिला गरियाबंद की होनिशा ने 98.83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।**

इसी प्रकार कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा के मैरिट लिस्ट में इवास वूडलैंड अंग्रेजी माध्यम हायर सेकंडरी स्कूल सराईपाली जिला की महक अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना अंतर्गत गुरु घासीदास शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल जिला बलौदा-बाजार की कोपल अम्बष्ट ने 97 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।





### 2 लाख 57 हजार 72 छात्र उत्तीर्ण

माशिमं की अध्यक्ष रेणु पिल्ले ने कहा कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है इसे ध्यान रखते हुये जो परीक्षार्थी असफल हुए हैं, वे निराश न हो। दोबारा अच्छी पढ़ाई करके परीक्षा में शामिल हो, सफलता जरूर मिलेगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में 3 लाख 45 हजार 686 परीक्षार्थी पंजीकृत हुये। इनमें से 3 लाख 40 हजार 220 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3 लाख 39 हजार 994 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 2 लाख 57 हजार 072 है। इस प्रकार 75.61 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 79.35 तथा बालकों का प्रतिशत 71.12 रहा। घोषित परीक्षा परिणाम में प्रथम श्रेणी में 1 लाख 17 हजार 519 (34.56 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में 1 लाख 23 हजार 386 (36.29 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में 16 हजार 165 (4.75 प्रतिशत) विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। पास श्रेणी में 02 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 19 हजार 012 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है। विभिन्न कारणों से 226 परीक्षार्थियों के परिणाम रोके गये हैं, जिनमें 15 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रोके गये हैं तथा 205 परीक्षार्थी का पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किये गये हैं तथा 06 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है।

सेंसेक्स में 7 दिन में दूसरी बड़ी गिरावट

## 1062 गिरा,बाजार 72,404 अंकों पर बंद निवेशकों के 7.6 लाख करोड़ रुपए डूबे

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान बड़ी गिरावट दिखी। प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी इस दौरान 1.5प्रतिशत प्रतिशत तक टूट गए।

गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 1,062.22 (1.44 प्रतिशत) अंकों की गिरावट के साथ 72,404.17 अंकों के स्तर पर जबकि निफ्टी 345.00 (1.55 प्रतिशत) अंक टूटकर 21,957.50 के स्तर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स गुरुवार को बिकवाली के दबाव के बीच टूट गए। कारोबारी सत्र के दौरान बीएसई सेंसेक्स 1,130 अंक टूटकर 72,334.18 के निचले स्तर पर पहुंच गया।






### हीरो मोटोकॉर्प के शेयर में 3.19 प्रतिशत की तेजी रही

टू-व्हीलर कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के शेयर में 2024 की चौथी तिमाही के पॉजिटिव नतीजों के बाद 3.19 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। दिनभर कारोबार करने के बाद शेयर 147 अंक चढ़कर 4,761 के स्तर पर बंद हुआ।

## अरबपति से खरबपति हुए लोगों का हिस्सा गरीबों में बांटेंगे

### दिग्गी ने पीएम के कांग्रेस को ऑटो में भरकर पैसे मिले' वाले पीएम के बयान पर किया पलटवार

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में पहली बार अडाणी-अंबानी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- पिछले 5 सालों से कांग्रेस के शहजादे दिन-रात एक ही माला जपते थे। 5 उद्योगपति, अंबानी और अडाणी, लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है, इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया है...क्यों? पीएम ने कहा- मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने अडाणी और अंबानी से कितना माल उठाया है? काला धन के बोरे भर के रुपए मारे हैं? कांग्रेस पार्टी को चुनाव के लिए उन उद्योगपतियों से कितना माल मिला?



### 10 साल में अंबानी-अडाणी का नाम नहीं लिया-दिग्गी

दिग्विजय सिंह ने कहा- 10 साल में अडाणी अंबानी का इन्होंने नाम नहीं लिया। अब इतने घबरा गए हैं। लोगों में उनकी पोल खुलती जा रही है। वो घबराकर कह गए कि कांग्रेस को टेंपो में नोट भर-भरकर भेजे जा रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि मोदी जी जब हर चीज डिजिटल हो जाती है। लेकिन कालाधन लाने का वादा करने वाला व्यक्ति दस साल की हुकूमत के बाद ये कहता है कि अब चंदा, बोरो में भरकर टेंपो से भरकर अंबानी और अडाणी भेज रहे हैं।

### हम अरबपति से खरबपति बने 22 लोगों का हिस्सा गरीबों में बांटेंगे

पूर्व सीएम ने कहा- पूरे देश में आज हुकूमत 10 साल इनकी रही। 22 अरबपति लोग खरबपति हो गए। लेकिन, आम आदमी जो गरीब था वो और गरीब होता चला गया। जो अरबपति से खबरपति हो गया।

झटका महंगे प्याज, टमाटर और आलू के कारण शाकाहार महंगा, नॉनवेज थाली सस्ती

## अप्रैल में 8 प्रतिशत तक बढ़े वेज थाली के दाम

नई दिल्ली♦एजेंसी

अप्रैल महीने में वेज थाली के दाम 8 प्रतिशत बढ़कर 27.4 रुप, पर पहुंच गया। पिछले साल इसी महीने में वेज थाली की कीमत 25.4 रुप, थी। महंगे प्याज, टमाटर और आलू के कारण वेज थाली के दाम में इजाफा देखा गया है। बुधवार को जारी क्रिसिल की रोटी-राइज रेट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

### ब्रॉयलर सस्ता होने के कारण नॉन वेज थाली के दाम घटे

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसारए ब्रॉयलर सस्ता होने के कारण इसी अवधि में नॉन वेज थाली की कीमत 58.9 रुपए से 4 प्रतिशत गिरकर 56.3 रुपए पर आ गई। एक वेज थाली में आमतौर पर रोटी, सब्जियां, प्याज, टमाटर और आलू, चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होता है। नॉनवेज थाली के घटक वेज थाली के समान ही होते हैं। बस दाल की जगह पर चिकन को रखा गया है। क्रिसिल उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित इनपुट कीमतों के आधार पर घर पर थाली तैयार करने की औसत लागत की गणना करता है।



### टमाटर और आलू की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी जारी

पिछले महीने यानी कि मार्च की तुलना में प्याज की कीमतों में 4 प्रतिशत की गिरावट और ईंधन की लागत में 3 प्रतिशत की गिरावट के कारण अप्रैल में वेज थाली की कीमत स्थिर रही। टमाटर और आलू की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी जारी है। ब्रॉयलर की अधिक मांग और बढ़ती इनपुट लागत के कारण मार्च की तुलना में अप्रैल में नॉन वेज थाली की लागत 3 प्रतिशत बढ़ गई।

फतेहपुर में बोले जेपी नड्डा-

## इंडी गठबंधन के नेता जेल में या बेल पर हैं, ये भ्रष्टाचारियों का टोला है

**फतेहपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में चुनावी रैली को संबोधित किया। जेपी नड्डा ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी अलायन्स दो बातों का गठबंधन है। पहला ये परिवारवादी पार्टियां है। अपने परिवार को बचाने में लगी है। इनको जनता से कोई मतलब नहीं है। दूसरा ये भ्रष्टाचारी पार्टियां हैं।



### इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का टोला- जेपी नड्डा

उन्होंने कहा, इंडी गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर है। ये भ्रष्टाचारियों का टोला है। ये जाति, धर्म और क्षेत्र के नाम पर लोगों को बांटकर वोटबैंक की राजनीति करते हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने दस साल में राजनीति की परिभाषा, संस्कृति और सोच बदल डाली है। आज एक नई संस्कृति पैदा हुई है। वो विकासवाद की राजनीति है। उन्होंने कहा, दुनिया में भारत का डंका बज रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### 5वीं-8वीं के छात्र 10 तक अंकसूची में करवा सकते हैं सुधार

**सतना।** राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परिणाम जारी कर दिए हैं। बोर्ड पैटर्न पर हुई इस परीक्षा अंकसूची भी जारी हो गई है। यदि किसी विद्यार्थी की अंकसूची में कोई त्रुटि है तो वह 10 मई तक सुधार करवा सकते हैं। साथ ही छ:माही परीक्षा व प्रोजेक्ट के विषयवार प्राप्तांकों की प्रविष्टि ना होने की स्थिति में भी सुधार करवा सकते हैं।

### एमपीटास पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिये आवेदन 15 तक

**सतना।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये ऑनलाईन आवेदन एमपीटास पोर्टल पर 15 मई तक किये जा सकेंगे। सहायक संचालक ने जिले के शासकीय महाविद्यालयों एवं निजी संस्थाओं के प्राचार्यों को सूचित किया है कि संस्था में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिये ऑनलाईन आवेदन पोर्टल में कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि उपरांत यदि कोई विद्यार्थी आवेदन भरने से वंचित रह जाता है, तो इसके लिये विद्यार्थी एवं संस्था प्रमुख स्वत: जवाबदार होंगे।

### चुर्रही गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट, तीन घायल

**सतना।** नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत चुर्रही गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए विवाद में तीन लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।
बताया गया है कि चुर्रही निवासी सुरेश कोरी पिता रामदास कोरी 50 वर्ष, इसकी पत्नी सुभद्रा कोरी 45 वर्ष और बेटी आरती कोरी पति राकेश कोरी 24 वर्ष निवासी बजरहा रीवा जमीन विवाद को लेकर हुए विवाद में घायल हो गए। घायल सुरेश ने बताया कि बुधवार की सुबह तकरीबन 10:30 बजे घर में मिट्टी की बाउंड्री बना रहा था। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाला कमलेश कोरी काम बंद करने के लिए बोला लेकिन काम बन्द न करने पर कमलेश कोरी गाली गलौज करते हुए धीरज, नत्थू, बब्ली व नेहा के साथ मिलकर कुल्हाडी-लाठी से हमला कर दिया। मारपीट में तीनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। पीड़ित ने बताया की घायल बेटी के पेट में 5 माह का गर्भ भी है।

### मटिमा की बेटी ने जिले का नाम किया रोशन



**सतना।** मटिमा गांव की निवासी वैष्णवी द्विवेदी ने आईसीएसई बोर्ड में 97 प्रतिशत रिजल्ट लाकर मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। वैष्णवी द्विवेदी ने यह मुकाम बिना किसी कोचिंग ट्यूशन के प्राप्त किया है। वह गांव से ही स्कूल आना जाना करती थी इसके साथ ही वह अपने छोटे भाई बहनों के साथ-साथ गांव के बच्चों को भी पढ़ाती थी और स्वयं भी अध्ययन करती थी। वैष्णवी सेंट क्लारेट स्कूल बाराकला की छात्रा है। वैष्णवी की इस उपलब्धि पर उसके दादाजी सुरेंद्र प्रसाद द्विवेदी, माता-पिता विवेक द्विवेदी महिमा द्विवेदी सहित, वरुण शर्मा ,मुकेश मिश्रा ,उमेश सिंह निवेश चौरसिया राहुल सेन, सतीश विश्वकर्मा बबलू पांडे जीतू केवट लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अनुश्री अग्रवाल का सुयश



**सतना।** क्रिस्तकुला हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा अनुश्री अग्रवाल ने आईसीएसई बोर्ड के 10वीं की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने माता-पिता के साथ-साथ का जिले का गौरव बढ़ाया है। अनुश्री का डॉक्टर बनकर मरीजों की सेवा करने का सपना है। अनुश्री उरमलिया इन्स्टिट्यूशन एस्पायर ऐकेडमी सर्किट हाउस में कोचिंग ले रहीं हैं। छात्रा की इस उपलब्धि पर मां ज्योति अग्रवाल, पिता शुभ अग्रवाल, दादी बीनारानी अग्रवाल, दादा उधौजी अग्रवाल, उरमलिया इन्स्टिट्यूशन एस्पायर ऐकेडमी की संचालिका शारदा उरमलिया एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### मंदाकिनी में डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं ने की कामदगिरी की परिक्रमा

# सतुवाई अमावस्या : चित्रकूट में उमड़ा आस्था का सैलाब





**नगर संवाददाता, सतना।**

वैशाख मास की सतुवाई अमावस्या के अवसर पर चित्रकूट में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदाकिनी घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

मंदाकिनी में स्नान कर श्रद्धालु महाराजाधिराज मत्यागजेंद्र नाथ मंदिर में जलाभिषेक कर भगवान कामता नाथ के दर्शन किए। इसके बाद लोगों ने कामदगिरी की परिक्रमा कर अपना मनोरथ पूर्ण किया। मई माह की भीषण गर्मी और धूप के बीच भी श्रद्धालुओं में आस्था का उत्साह कम नहीं हुआ। खेती-किसानी कार्य से निवृत्त किसानों की खास कर भीड़ अमावस्या मेले में नजर आई।

#### वैशाख माह की अमावस्या का महत्व

वैशाख माह में अमावस्या तिथि का अधिक महत्व है। वैशाख अमावस्या भगवान विष्णु और पितरों को समर्पित है। धार्मिक मान्यता के अनुसारभगवान विष्णु और पितरों की पूजा और नदियों में स्नान-दान करने से साधक को जीवन में मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और पितृ प्रसन्न होते हैं। अमावस्या की रात को किए जाने वाले उपाय इंसान के जीवन के लिए लाभकारी साबित होते हैं।

#### सक्रिय रहा प्रशासन

वैशाख अमावस्या के अवसर पर चित्रकूट में यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। अमावस्या मेला में लाखों भक्तों ने चित्रकूट पहुंचकर मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाई। भीड़ की संभावना के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। लेकिन श्रद्धालुओं के लिए इंतजाम नाकाफी रहे।



## भक्ति से सराबोर हुआ श्रीमानसपीठ खजुरीताल

**नगर संवाददाता, सतना।**

धर्म ध्वजा के संवाहक ऐतिहासिक धार्मिक धरोहर श्रीमानसपीठ खजुरिताल धाम में श्रीमानसपीठ पाटोत्सव के पंचम दिवस के प्रातःकालीन बेला में हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें सैकड़ाभर भक्तों ने हवन अनुष्ठान का लाभ लिया। पाटोत्सव के शायंकालीन बेला में हनुमतगाथा का शुभारंभ करते हुए पाटोत्सव के आयोजक श्रीमानसपीठाधीश्वर जगदगुरु श्रीरामलालचार्य जी महाराज ने कथाव्यास गद्दी पूजन किया। साथ ही उन्होंने अपने वक्तव में कहा की भगवान श्रीराम का दूसरा रूप हनुमान हैं, भगवान श्रीराम के चलते फिरते घर को हनुमान कहते हैं। आगे हनुमतगाथा सुनाते हुए कथाव्यास डॉक्टर रामविलास दास वेदांती जी महाराज ने बताया की जहां पर ऋषि मतंग ने मुख होकर मोन होकर भगवान राम की प्राप्ति के लिए तपस्या किया। इसलिए उस पर्वत का नाम ऋषमुख पर्वत पड़ गया और ऋषमुख के बाद वहाँ भारत के हजारों ऋषियों ने वहाँ पर पहुँचकर तपस्या किया था।

**इनकी रही उपस्थिति-** पाटोत्सव के पंचम दिवस के कार्यक्रम दौरान रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी भाजपा सतना ज़िला अध्यक्ष सतीश शर्मा आचार्य अजीत द्विवेदी अनूपपुर सतना महापौर योगेश ताम्रकार नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन अमरपाटन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनीत पांण्डेय आरयन शर्मा विनोद शर्मा रीवा रमाकान्त तिवारी पुष्पेन्द्र शर्मा रीठी रिटायर्ड सूबेदार अंजनी प्रसाद पाण्डेय प्रकाश मिश्रा केदार द्विवेदी बिमलेश मिश्रा रामकुमार पाठक आदि काफ़ी संख्या में भक्तगण व संतजन उपस्थिति रहे। खजुरीताल धाम के प्रमुख सेवक श्रीअखिलेश्वर दास जी महाराज ने सभी भक्तगणों व श्रद्धालुओं से पाटोत्सव में पधारकर हनुमतगाथा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाने का अनुरोध किया है।

# गबन का मामला, बर्खास्त कैशियर के खिलाफ आरआरसी जारी

### चल- अंचल संपत्ति बेचकर होगी साढ़े चालीस लाख की वसूली

**नगर संवाददाता, सतना।**

कृषि उपज मंडी में वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2021-22 में मण्डी शुल्क राशि रुपये 9लाख 3हजार 995 रुपए एवं निराश्रित शुल्क राशि रुपये 5लाख 16 हजार 368 रुपए कुल राशि पैंतीस लाख बीस हजार तीन सौ तिरेसठ रुपये मात्र के गबन मामले में तत्कालीन कैशियर रामधार अहिरवार को दोषी पाया गया जिसे नौकरी से बर्खास्त किया जा चुका है। अब इस मामले में गबन राशि की वसूली को लेकर विभाग द्वारा आरसीसी नोटिस जारी किया गया है। बताया गया कि मय ब्याज उक्त राशि अब तक 40 लाख 59 हजार 342 रुपए पहुंच गई है जिसकी वूसली निलंबित कैशियर की चल अंचल संपत्ति को बेंचकर वसूल किया जाएगा।

#### इन पर भी की गई थी कार्यवाही

गबन मामले में तत्कालीन मंडी सचिव कमलेश पाण्डेय के विरूद्ध प्रकरण में मप्र राज्य मंडी बोर्ड सेवा विनियम 1998 के विनियम 30 (छः) अन्तर्गत सेवा से पदच्युत किय गया तथा मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के आदेश पर तत्कालीन लेखापाल जीपी गौतम के विरूद्ध प्रकरण में मप्र राज्य मंडी बोर्ड सेवा विनियम 1998 के विनियम 30 (सात) अन्तर्गत पेंशन एवं देय स्वत्वों (समस्त) को राजसात किये जाने की शास्ति अधिरोपित की गई।

#### जांच में सामने आया मामला

चांज के दौरान पाया गया कि आरोपी कर्मचारी रामाधार अहिरवार, निलंबित सहायक ग्रेड-3 मंडी समिति सतना के विरूद्ध वर्ष 2020-21 से लेकर दिनांक 04 जून 2021 के मध्य संग्रहण पंजी / कैशियर कैशबुक, निराश्रित शुल्क पंजी तथा निराश्रित कैशबुक, मण्डी शुल्क संग्रहण पंजी एवं निराश्रित शुल्क संग्रहण पंजी भरना पत्रक से प्राप्त राशि मंडी शुल्क की आंशिक राशियों जमा पश्चात मंडी शुल्क की राशि रूपये 30लाख 3हजार 995रुपए एवं निराश्रित शुल्क राशि रूपये 5लाख16हजार 368रुपए मिलाकर कुल राशि 35लाख 20हजार 363का गबन प्रभक्षण किया जाना प्रमाणित होना पाया गया।

### सैटेलाइट मैपिंग में रोजाना बढ़ रहा घटनाओं का ग्राफ

# जिले में नहीं रुक रही नरवाई की आग



**नगर संवाददाता, सतना।**

पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं।

#### तीन दिन में रिकार्ड हुई 122 घटनायें

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय भोपाल से प्राप्त सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट अनुसार जिले जिले के अलग-अलग अनुविभागों में 2 मई को 78, 4 मई को 21 और 5 मई को 23 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। उप संचालक कृषि ने संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों को सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट से अवगत कराते हुये जिला दंडाधिकारी के निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

#### नरवाई को जलायें नहीं, पशुओं के लिये भूसा बनवायें

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने किसानों से अपील की है कि फसल अवशेष/नरवाई किसी भी स्थिति में नहीं जलायें। यदि हम नरवाई में आग लगाते है तो भूमि की उर्वरा शक्ति एवं पोषक तत्वों को हानि होती है। किसान नरवाई को न जलाकर उन्नत कृषि यंत्रो का उपयोग कर पशुओं के लिये भूसा बनवा सकते हैं। इसके लिये उन्नत कृषि यंत्र जैसे रीपर, स्ट्री-रीपर को प्राथमिकता दें। सतना और मैहर जिले में कस्टम हायरिंग सेंटर उपलब्ध हैं। कृषक, कृषि यंत्रों को किराये पर ले सकते हैं।

#### मैहर में एडीएम ने दिए परीक्षण के निर्देश

मैहर जिले में पराली से आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुये मैहर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने प्रशासन के सहयोग से अग्निशमन की गई 10 आगजनी घटनाओं की सूची संबंधित एसडीएम को भेजकर परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इन घटनाओं में जरियारी (कोठिया), थाना देहात मैहर, उमरी पैला, बदेरा, कुटाई, जरियारी (पहरुआन), जहला, भीषमपुर, जमताल, हिनौता गजगौना, बीरदत्त थाना अमरपाटन में विगत 15 दिनों में कटे हुये खेत में आगजनी की कुल 10 घटनाओं की सूची देकर परीक्षण के निर्देश दिये गये हैं।

# एकेएस के एजुकेशन विभाग में गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की मनाई गई जयंती

**नगर संवाददाता, सतना।**



एकेएस के एजुकेशन विभाग में गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। शिक्षा विभाग में उनकी कविताओं पर और उनके भारत निर्माण के योगदान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीएड एवं डीएलएड के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उनके योगदान को याद किया जिसमें उन्हें महान कवि निरूपित करने वाली राष्ट्रगान जन गण मन से सराबोर कर देने वाली राष्ट्रभक्ति की कविता का गायन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षकों ने छात्रों को राष्ट्रभक्ति की ओर समर्पित कर देने वाले साहित्य रचना करने पर जोर दिया जिसे छात्रों ने पूरे विश्वास के साथ आत्मसात करने पर बल दिया। विभाग के शिक्षकों ने शिक्षा के महत्व और शिक्षकों के महत्व को बताते हुए गुरु रविंद्र नाथ टैगोर को याद किया इस अवसर पर शिक्षकों ने देश की एकता और अखंडता पर जोर देते हुए कहा की हमारी शान और हमारी ताकत हमारी एकता है जो हमें गुरुदेव से सीखनी चाहिए।

# रेडक्रास में सेवाधर्म की कोई सीमायें नहीं : डॉ.शर्मा

### चंद्राशय नीमी में वृद्धजनों के बीच मना विश्व रेडक्रास दिवस

**नगर संवाददाता, सतना।**




विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर बुधवार को चंद्राशय नीमी में मानवता को जीवित रखने की थीम को लेकर वृद्धजनों की देखभाल एवं स्वास्थ्य रक्षा के लिये जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृद्धजनों के बीच आयोजित रेडक्रास दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. नरेंद्र शर्मा ने कहा कि विश्व बंधुत्व की भावना के साथ सेवाधर्म निभाने वाले रेडक्रास सोसायटी में परोपकार और पीड़ित मानवता की सेवा की कोई सीमायें नहीं है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन दिलीप अरोरा, सचिव रेडक्रास डॉ.अरुण त्रिवेदी, जिला जनसंपर्क अधिकारी राजेश सिंह, आजीवन सदस्य हरिओम गुप्ता, शुभकरण पटेल के अलावा अशोक प्रताप सिंह, रमाकांत द्विवेदी, रविशंकर गौरी सहित बुजुर्गजन उपस्थित रहे।

रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. नरेंद्र शर्मा ने सर्वप्रथम रेडक्रास के संस्थापक जॉन हेनरी ड्यूनैंट के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के क्षेत्र में इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला, प्रदेश, देश से लेकर विश्व स्तर पर भी अग्रणी संस्था रही है। वाइस चेयरमैन दिलीप अरोरा ने ईशवंदना प्रस्तुत करने के साथ ही कहा कि पिछले 30 सालों से लगातार रेडक्रास सोसायटी से जुड़कर जिले के अलावा बाढ़ग्रस्त इलाकों में अन्य जिले में भी सेवा कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

#### मानवता को जीवित रखना विषय पर व्याख्यान

रेडक्रास की निर्धारित थीम 'मानवता को जीवित रखना' विषय पर अशोक प्रताप सिंह ने व्याख्यान दिया। संस्था के सचिव डॉ अरुण त्रिवेदी ने जिला रेडक्रास सोसायटी की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुये कार्यक्रम में उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ.नरेंद्र शर्मा ने इंडियन रेडक्रास सोसायटी के प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ.मनसुख मांडवीय द्वारा हस्ताक्षरित आजीवन सदस्यता का प्रमाण पत्र हरिओम गुप्ता और शुभकरण पटेल को प्रदान किया। रेडक्रास समिति द्वारा चंद्राशय नीमी के निवासरत वृद्धजनों को फल वितरित किये गये। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत द्विवेदी ने किया।

## कार्रवाई

### खरीफ सीजन में किसानों से नहीं हो ठगी

# अमानक किस्म के धान बीज के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध

**नगर संवाददाता, सतना।**




उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि 9 बीज कंपनियों की धान किस्म के बीज को अमानक स्तर का घोषित करते हुये जिले में इसके क्रय-विक्रय को प्रतिबंधित किया गया है।

इन बीज कंपनियों के बीज अमानक पाये गए है जिससे किसानों को नुकसान भी हुआ है। यही वजह है कि विभाग द्वारा किसानों को ठगी से बचाने सक्रियता बरतने का काम किया जा रहा है।

#### इन कंपनियों पर लगी रोक

विभाग द्वारा वायर बायो सांइस प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र के बीज किस्म अराइज गोल्ड टीएल, अराइज तेज गोल्ड टीएल, अराइज गोल्ड 6444, इंडोग्रीन क्रॉप साइंस आगरा का अदिति गोल्ड टीएल, महिको प्रा.लि. महाराष्ट्र के एमआरपी 55 आर95 टीएल एवं कोरटेवा एग्री साइंस सीड्स प्रा.लि. हैदराबाद के बीज किस्म 27पी36 टीएल के भंडारण और क्रय-विक्रय पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा बजाज एग्री सीड्स हैदराबाद के बीज किस्म 8ए5-13 टीएल, दिव्या 7444 टीएल, बापना सीड्स हैदराबाद के बीज किस्म रुबल-4021 टीएल, सिजेंटा इंडिया प्रा.लि. कंपनी महाराष्ट्र का एनके-5251 टीएल और यज्ञन्ती एग्रोटेक प्रा.लि. कंपनी हैदराबाद के धान किस्म भारती-211 टीएल को अमानक घोषित किया गया है।

#### क्रय-विक्रय करने पर कार्यवाही

उप संचालक कृषि ने जिले के समस्त बीज विक्रेताओं को आगाह किया है कि अमानक घोषित किये गये बीज का भंडारण अथवा क्रय-विक्रय नहीं किया जाये। निर्देशों का उल्लंघन करने पर बीज अधिनियम 1966 तथा बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उप संचालक ने जिले के समस्त बीज निरीक्षक, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को निर्देशित किया है कि निजी अथवा सहकारी बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों या गोदामों में अमानक घोषित किये गये बीज किस्मों भंडारण एवं क्रय-विक्रय नहीं होने पाये। उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना भी सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### नगरीय क्षेत्र में उमरिया में संचालित किया गया स्वच्छता अभियान



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने नगरीय निकायों के मुख्य् नगर पालिका अधिकारियों को विशेश सफाई अभियान संचालित करने के संबंध में दिए गए निर्देश के परिपालन में नगरीय पालिका उमरिया क्षेत्र अंतर्गत नगर में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसमे शहर के समस्त नाला नाली, सड़क डिवाइडर की सफाई कार्य योजना बना कर की जा रही है ।

### बालिका ने लगाई फांसी , मौत

**उमरिया।** मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम उरदाना में 16 वर्षीय आदिवासी बालिका ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेंते हुए आवष्यक कार्याही की ।बताया जाता है कि मृतक का नाम सुभीता पिता बंसीलाल बैगा है।बताया जाता है कि मृत नाबालिका पूर्व बीडीसी सदस्य बंसीलाल बैगा की पुत्री है।घटना की जानकारी सुबह 10 बजे हुई है,तब जाकर मामले की जानकारी मानपुर पुलिस को दी गई है।नाबालिका ने देर रात आत्मघाती कदम क्यों उठाया है,फिलहाल कारण अज्ञात है।स्थानीय सूत्रों की माने तो नाबालिका अपने घर से करीब 300 मीटर दूर मोटराहार के पास अपने ही खेत पर मौजूद आम के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्मघाती कदम उठाई है।

### विश्व रेडक्रास दिवस पर कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा उमरिया द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस का आयोजन किया गया।उक्त आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला चिकित्सालय उमरिया से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय उमरिया से प्रात: 09.00 बजे से गाँधी चौक के रास्ते नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुये पुन: जिला चिकित्सालय उमरिया में समापन किया गया।रैली के दौरान जिसके अंतर्गत नई थीम है, मानवता को जीवित रखना।जिसके परिपालन में जूनियर रेडक्रास / युवक रेडक्रास के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम जैसे स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, नशा मुक्ति अभियान, जन जागरूकता, स्वास्थ्य जागरूकता, सिकल सेल, टी.वी उन्मुलन, नि:शक्तजनों/वृद्धजनों की सेवा के साथ-साथ प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण जिले के प्रमुख स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था, जैसे जन हितैषी कार्यक्रम आयोजित किये जाने के संबंध अपील की गई।आयोजित जन जागरूकता रैली में भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सभापति अखिलेश त्रिपाठी , भारतीय रेडक्रास के सचिव डॉ. के.सी. सोनी, आर.एम.ओं डॉ. संदीप सिंह, पैथालॉजिस्ट डॉ. मुकुल तिवारी, सदस्य श्री अखिलेश तिवारी, सदस्य राकेश शर्मा, सदस्य नरेश हेमनानी, सदस्य प्रिस छगवानी, सदस्य शिवनाथ साहू सदस्य, अनमोल असाटी शिवम चौधरी, के.जी. पाण्डेय, वीरेन्द्र शर्मा, डी.ई.ओं संजय शर्मा, लैब टेक्नीशियन विनीत साहू एवं जिला चिकित्सालय उमरिया में कार्यरत समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

---

### संभागायुक्त रीवा ने राजस्व और विकास कार्यों की जिलेवार समीक्षा की : अधिकारियों को कराया दायित्वबोध

# खनिज राजस्व की कम वसूली पर नाराज हुए कमिश्नर

**रीवा (नगर संवाददाता)**



कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डॉड ने राजस्व कार्यों तथा विकास कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में अब केवल मतगणना का कार्य शेष है। मतगणना होने तक राजस्व प्रकरणों के निराकरण का अभियान चलाएं। सभी राजस्व अधिकारी लंबित प्रकरणों के निराकरण के विशेष प्रयास करें। राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्यों पर विशेष ध्यान दें। कानून और व्यवस्था की निगरानी, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विकास कार्यों की निगरानी पर ध्यान दें। राजस्व महाअभियान में पूरे संभाग में बहुत अच्छा कार्य हुआ था। एक बार पुनः राजस्व महाअभियान की तरह प्रकरणों के निराकरण के प्रयास करें। सिंगरौली और मऊगंज कलेक्टरों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। भू अर्जन से जुड़े प्रकरण कमिश्नर न्यायालय से कलेक्टर न्यायालय में भेजे गए हैं। इनकी भी नियमित सुनवाई करके निराकरण करें। कमिश्नर ने कहा कि अविवादित सीमांकन तथा बंटवारे के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। नक्शा तरमीम के लिए भी विशेष अभियान चलाएं। नक्शा तरमीम न होने पर भी भूमि विवाद लगातार बने रहते हैं। कलेक्टर अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों के निराकरण की हर माह समीक्षा करें। सभी दर्ज राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। किसान सम्मान निधि के सभी आवेदनों में शत प्रतिशत ई केवाईसी कराएं। वर्षो से लंबित जिन राजस्व प्रकरणों में अभिलेख उपलब्ध नहीं हो रहे हैं अथवा पक्षकार उपस्थित नहीं हो रहे हैं उन्हें वैधानिक प्रक्रिया के तहत निराकृत करें। बैठक में कमिश्नर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि अप्रैल माह में खाद्यान्न का उठाव और वितरण संतोषजनक नहीं है। आगामी 6 दिनों में 95 प्रतिशत वितरण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन अपनी गति से हो रहा है। उपार्जित गेंहू के सुरक्षित भण्डारण और किसान को तीन दिन में भुगतान सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने खनिज राजस्व की 77.25 प्रतिशत वसूली पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि खनिज राजस्व का शत-प्रतिशत राजस्व प्राप्त करें। खनिज के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। खनिज परिवहन करने वाले वाहनों को जारी ईटीपी की नियमित रूप से जाँच करें। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ावर्ग के सभी पात्र विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के आवेदनों का एक सप्ताह में सत्यापन कराकर छात्रवृत्ति का वितरण कराएं। छात्रवृत्ति वितरण की पोर्टल की तकनीकी बाधा तथा आवश्यक आवंटन के लिए वरिष्ठ कार्यालयों से तत्काल संपर्क करें।

### 338 गौशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण

विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से स्वीकृत 93 प्रतिशत आवासों को पूर्ण कराकर सराहनीय कार्य किया गया है। शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना में भी सभी जिलों में अच्छा कार्य हुआ है। मनरेगा योजना से मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करें। संभाग में 431 स्वीकृत गौशालाओं में से 338 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इनमें से पंचायत द्वारा संचालित 171 गौशालाओं में लगभग 17 हजार गौवंश हैं। इनके पेयजल, चारा-भूसा तथा गर्मी से बचाव की उचित व्यवस्था कराएं। शेष गौशालाओं का भी संचालन कराकर उनमें गौवंशों को सुरक्षित कराएं। बैठक में जनमन योजना, आयुष्मान योजना, बिजली की आपूर्ति तथा भू अर्जन प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, अपर कमिश्नर अरूण परमार, सीईओ जिला पंचायत रीवा डॉ. सौरभ सोनवणे, सीईओ सतना संजना जैन, आयुक्त नगर निगम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### न्यायालय में बयान बदलने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें : आईजी



कमिश्नर कार्यालय में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित संभागीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर गोपाल चन्द्र डॉड ने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों को पूरी संवेदनशीलता के साथ लागू करें। अत्याचार से पीड़ितों को राहत देने के साथ-साथ आरोपियों को सजा दिलाने के भी प्रयास करें। प्रकरणों की सुनवाई में आने वाले पीड़ितों तथा गवाहों को विशेष लोक अभियोजक उचित मार्गदर्शन और सलाह दें। जिससे वे न्यायालय में अपना पक्ष मजबूती से प्रस्तुत कर सकें। आगामी बैठक में राजीनामा से बरी होने वाले आरोपियों के प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि राहत राशि वितरण के लिए सभी जिलों में आवंटन का अभाव है। राहत राशि के वितरण के लिए राशि आवंटन का तत्काल प्रस्ताव शासन को भेजें। कमिश्नर ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में सुनवाई के लिए आने वाले पीड़ितों तथा गवाहों को मजदूरीए बस किराया तथा आहार व्यय की राशि अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। उपायुक्त सभी पुलिस अधीक्षकों को इस मद में राशि आवंटित करें। ट्राईबल विभाग के सभी जिला अधिकारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में राहत राशि से जुड़े जाति प्रमाण पत्रों की सूची कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करें। कलेक्टर पीड़ितों को तत्काल जाति प्रमाण पत्र जारी कराकर राहत राशि मंजूर करें। उपखण्ड स्तर पर गठित सलाहकार समिति की नियमित बैठक आयोजित करें। बैठक में आईजी एमएस सिकरवार ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद न्यायालय में बयान बदलने वाले फरियादियों के विरूद्ध निर्धारित प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही करें। सभी पुलिस अधीक्षक तथा एडीपीओ अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की हर माह समीक्षा करें। बैठक में डीआईजी साकेत पाण्डेय, कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक अभियोजक, डीएसपी अजाक विवेक लाल तथा जिला संयोजक उपस्थित रहे।

---

### चोरहटा पुलिस ने पूछताछ के बाद जब्त की पिस्टल

## गोली चालन व जिला बदर का शातिर बदमाश गिरफ्तार

**रीवा (नगर संवाददाता)**



चोरहटा पुलिस ने कुछ माह पूर्व हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे जिला बदर के शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद न्यायालय में पेशकर जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए चोरहटा थाना प्रभारी श्रृंगेश सिंह राजपूत ने बताया कि कुछ माह पूर्व करहिया मंडी के समीप नितिन नाम का युवक घायल हुआ था। जिस पर पुलिस ने थाना के अपराध क्रमांक 98/24 धारा 308 ताहि 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया था। जिसके बाद से मामले का मुख्य आरोपी गौरव सिंह पटेल उर्फ मैक्सी पिता सुरेन्द्रमणि पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी सच्चा नगर करहिया नंबर 1 मैदानी फरार चल रहा था। इस बीच आरोपी गौरव उर्फ मैक्सी पटेल के विरुद्ध जिला दंडाधिकारी के द्वारा आदेश क्रमांक/71/जिलाबदर/2024 दिनांक 22.4.24 को आदेश पारित करते हुए जिलाबदर की कार्यवाही कर रीवा जिले से लगे पड़ोसी जिलों से एक वर्ष के लिए निष्कासित किया गया था। बावजूद इसके बदमाश जिलाबदर का उल्लंघन कर घर में रह रहा था। साथ ही आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।



पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद किया है। वहीं जिलाबदर का उल्लंघन के मामले में आरोपी के विरुद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 एवं धारा 188 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

---

### स्वास्थ्य सुविधाओं के निरीक्षण के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों का दिन किया सुनिश्चित

**रीवा (नगर संवाददाता)**

जिला अस्पताल में मरीज परिजनों को चिकिसकीय सुविधाओं में परेशानी न हो,इसके लिए कलेक्टर धरणेन्द्र जैन ने सप्ताह के हर रोज़ अलग अलग जिला अधिकारियों को निरीक्षण के निर्देश दिए है।इनमे मुख्य रूप से सोमवार को जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह जिला अस्पताल का निरीक्षण करेंगे।मंगलवार को शिवगोविंद मरकाम अपर कलेक्टर,बुधवार को रीता डहेरिया एसडीएम बांधवगढ़,गुरुवार को अखिलेश पाण्डे जिला कोषालय अधिकारी,शुक्रवार को मीनाक्षी बंजारे प्रभारी डिप्टी कलेक्टर, शनिवार को अखिलेश प्रताप सिंह डिप्टी कलेक्टर,रविवार को हरनीत कौर डिप्टी कलेक्टर निरीक्षण करेंगे।जिला अस्पताल में मरीज परिजनों की आये दिन आ रही शिकायतों के बाद कलेक्टर के इस अनोखे कदम की मरीज परिजनों ने भूरी भूरी प्रशंसा की है,पर ये कदम जिला अस्पताल में कितना कारगर होगा,ये समय बताएगा।'

उन्होने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह देखा जाए कि वार्डो मे धुली हुई बेड शीट, अच्छे बेड , टूटे फूटे पंलग नही हो । व्हीकल चेयर तथा अन्य उपकरण जो मरीजो के देखभाल मे काम आती है वे अच्छे हालत मे हो, बेड मे जंग नही लगी होनी चाहिए। वार्डो के सीलिंग फेन, कूलर, ट्यूब लाईट, स्वीच आदि पर्याप्त संख्या मे और चालू हालत मे हो , ताकि रोशनी की कमी नही हो।

---

## प्रतिबंध के बाद भी बोरिंग, एफआईआर दर्ज

- कलेक्टर के आदेश का किया गया उल्लंघन
- जनेह थाना क्षेत्र का मामला

**रीवा (नगर संवाददाता)**

जलाभाव घोषित क्षेत्र में बोरिंग एवं नलकूप उत्खनन के प्रतिबंधित आदेश के उल्लंघन मामले में जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल एफआईआर कराई जा रही है। रीवा एवं मऊगंज जिला प्रशासन इस मामले में समान रूप से एक्शन ले रहा है। प्रतिबंध के बावजूद भी बोरिंग कराने का दु:साहस करने के मामले में कलेक्टर मऊगंज के निर्देश पर एक एफआईआर थाना नईगढ़ी में दर्ज कराई गई है। उसी प्रकार रीवा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर एक एफआईआर थाना जनेह में 7 मई 2024 को दर्ज कराई गई है। नायब तहसीलदार वृत्त गढ़ी, त्योंथर की सूचना पर जनेह थाना में मान सिंह पिता दिवाकर सिंह, दिवाकर सिंह पिता इन्द्रभान सिंह निवासी ग्राम पटहट कला के खिलाफ धारा 188 भारतीय दंड विधान के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जानकारी अनुसार एसडीएम त्योंथर को दूरभाष पर बिना सक्षम अनुमति मान सिंह, अशोक सिंह एवं छोटू पटेल निवासी ग्राम पटहट कला द्वारा बोरवेल उत्खनन कराये जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसकी जांच नायब तहसीलदार सर्किल गढ़ी द्वारिका प्रसाद दहायत से कराई गई। जांच में पाया गया कि ग्राम खम्हराकला की आराजी नंबर 23 (रकबा 1.81 हेक्टेयर) में स्थित पुराने बोर पर सफाई का कार्य बिना अनुमति कराया गया है। आराजी नंबर 23 के भूस्वामी धर्मेन्द्र सिंह तनय लक्ष्मण सिंह दर्ज अभिलेख हैं किन्तु मौके पर मान सिंह एवं दिवाकर सिंह काबिज हैं। जांच दौरान संबंधितों से बोर एजेंसी एवं बोरिंग मशीन के मालिक का नाम और पता पूछा गया तो इनके द्वारा नहीं बताया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर रीवा ने पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के तहत रीवा जिले को 15 जुलाई 2024 तक की अवधि के लिए जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर रखा है। कलेक्टर का स्पष्ट आदेश है कि कोई भी व्यक्ति जल अभावग्रस्त घोषित क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी प्रयोजन के लिए नलकूप का निर्माण नहीं करेगा। जांच में प्रथम दृष्टया कलेक्टर रीवा के संबंधित आदेश का उल्लंघन किया जाना पाया गया फलस्वरूप एसडीएम त्योंथर द्वारा एफआईआर के लिए नायब तहसीलदार दहायत को आदेशित किया गया।

### वाहनों का किया औचक निरीक्षण क्षमता अनुसार परिवहन के दिए निर्देश

**उमरिया।** जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि नौरोजाबाद क्षेत्र में स्थित कंचन प्रोजेक्ट के सिद्धेश्वर इंफ्रा,बघेल इंफ्रा एवं साई इंफ्रा में चल रहे समस्त वाहनों का औचक निरीक्षण कर दस्तावेजों को दुरुस्त करने एवं वाहनों की क्षमता अनुसार परिवहन करने हेतु निर्देशित किया गया।

---

### एक दिन पूर्व पकड़ा गया था ट्रक में लोड एक करोड़ का गांजा

## गांजा तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार, मास्टर माइंड फरार



**रीवा (नगर संवाददाता)**

एक दिन पूर्व पुलिस द्वारा की गई गांजा की बड़ी कार्यवाही मामले के दो और गांजा तस्कर पुलिस गिरफ्त में आये हैं। इस मामले का मेन मास्टर माइंड अभी भी फरार चल रहा है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। दावा किया जा रहा है कि इस मामले में पकड़े गये तस्करों ने शहर के कुछ अन्य तस्करों के नाम भी बताए हैं। जिनका पुलिस खाका तैयार कर रही है।

गौरतलब है कि रीवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गत दिवस चोरहटा के उद्योग विहार स्थित बोरी फैक्ट्री के समीप से कैमिकल लोड ट्रक में छिपाकर लाया गया पांच क्विंटल गांजा पकड़ा था। जिसमें पुलिस ने दो तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया था, जिनकी पूछताछ में तीन अन्य तस्करों के नाम सामने आये थे। जिनमें लालमणि जायसवाल निवासी रायपुर कर्चुलियान, लाल सिंह बघेल निवासी मझिगवां, राजू गुप्ता निवासी मैहर शामिल हैं। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मामले में नामजद हुए राजू गुप्ता और लाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। इस मामले का मुख्य सरगना मास्टरमाइंड लालमणि जायसवाल अभी तक फरार चल रहा है। बताते हैं कि लालमणि जायसवाल पूर्व से ही गांजा तस्करी का कुख्यात तस्कर है जिसके पार्टनर लाल सिंह और राजू गुप्ता हैं। उक्त गांजे की बड़ी खेप उड़ीसा से लालमणि के द्वारा मंगाई गई थी जो पार्टनरों के साथ शहर में खपाने की योजना थी। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि अभी तक में शहर के कुछ अन्य गांजा तस्करों के नाम सामने आये हैं। जिन पर पुलिस कार्यवाही करने की तैयारी में है।

---

**संगोष्ठी** | टीआरएस कालेज में विश्व रेडक्रास दिवस पर आयोजित हुई शोध संगोष्ठी

# सामाजिक प्रगति और विकास के लिए मानवता आवश्यक तत्वः अर्पिता

**रीवा (नगर संवाददाता)**





शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के समाज कार्य विभाग एवं युवक रेडक्रॉस इकाई द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर सामाजिक प्रगति और विकास के लिए मानवता एक आवश्यक तत्व विषय पर युवा फ्लैगशिप के अंतर्गत आईक्यूएसी के तत्वावधान में शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के द्वारा की गई। मुख्य वक्ता डॉ. धीरेन्द्र मिश्रा एसोसियेट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. उमेश प्रताप सिंह श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा रहे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस मनाने का उद्देश्य यह है कि हम रेडक्रास के सिद्धांतों का पालन करें और उन स्वयंसेवकों को सम्मान दें जो समाज सेवा में सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से सामाजिक प्रगति और विकास के लिए मानवता एक आवश्यक तत्व है।

संयोजक प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने शोध संगोष्ठी के उद्देश्यों का वाचन करते हुए कहा कि मानव विकास लोगों पर संकेंद्रित है। इसका संबंध लोगों की भलाई आवश्यकताओं प्राथमिकताओं तथा आकांक्षाओं से होता है। ये सभी एक योग्य समाज के निर्माण में सहायक होते हैं। यह आपसी समझ दोस्ती सहयोग और स्थायी शांति के लिए सभी लोगों के बीच बढ़ावा देता है। शोध संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता डॉ. धीरेंद्र मिश्रा प्राध्यापक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव विकास आधारभूत अवसरों के विस्तार पर बल देता है। डॉ. मिश्र ने मानवता का समाजशास्त्रीय एवं प्राणीशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की। मानव विकास सामाजिक विकास का सार है क्योंकि मानव विकास लोगों पर केंद्रित है। इसका संबंध लोगों की भलाई उनकी आवश्यकताओं विकल्पों और आकांक्षाओं से है। ये सभी आदर्श समाज के निर्माण में मदद करते हैं। मानव विकास और सम्मान की दिशा में रेडक्रॉस प्रारंभ से ही सक्रिय रहा है। इसका उद्देश्य जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिए और इंसान के लिए सम्मान सुनिश्चित करना है। तकनीकी सत्र में अविचल सिंह, रागनी पाण्डेय, रुची सिंह बघेल, अमन पाण्डेय, स्वप्निल द्विवेदी, दीपाली दुबे, विक्रम प्रसाद कुशवाहा, पल्लवी सिंह कर्चुली, अर्चिता द्विवेदी, सौरभ द्विवेदी, अनुराग चतुर्वेदी आदि ने शोध पत्रों का वाचन किया। शोध संगोष्ठी में डॉ. संध्या शुक्ला, डॉ. गायत्री मिश्रा, डॉ. प्रीति पाण्डेय, डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. बृजेंद्र कुशवाहा तथा आभा प्रदर्शन डॉ. आनंद मोहन द्विवेदी ने किया। शोध संगोष्ठी के संचालन में महाविद्यालय की युवक रेडक्रास इकाई के सदस्य डॉ. सुनील तिवारी, डॉ. अमित पाण्डेय, प्रो. दिलीप तिवारी, प्रो. अरूणेश शुक्ला, प्रो. अनुज पाण्डेय, प्रो. अनुराग तिवारी, प्रो. अखिलेश शुक्ला, प्रो. विवेक पाण्डेय, डॉ. गुंजन सिंह, डॉ. प्रियंका तिवारी, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. निशा सिंह तथा डॉ. प्रियंका पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

संपादकीय

# बयान पर तूफान

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा का बयान, अब एक बार फिर से पार्टी के गले की फांस बन गया है। उनके बयान से उठे तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पित्रोदा के बयान को 'चमड़ी के रंग' और 'नस्लीय टिप्पणी' से जोड़ दिया है। पित्रोदा ने भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा, भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। पश्चिम भारत के लोग अरबी जैसे लगते हैं। उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। उनके इस बयान को भाजपा ने 'नस्लीय टिप्पणी' बताया है।

ऐसा नहीं है कि लोकसभा चुनाव में पहली बार उनके बोल बिगड़े हैं। इससे पहले भी उनके बिगड़े बोल ने कांग्रेस पार्टी की चुनावी राह को मुश्किल बनाया है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बीच, हरियाणा और पंजाब में वोट पड़ने थे, लेकिन उससे पहले सैम पित्रोदा ने एक ऐसा बयान दे दिया था, जिसे लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर खूब हमला किया। पित्रोदा ने चुनाव के बीच कहा था कि अब क्या है 1984 का। आपने पांच साल में क्या किया, अब उसकी बात करिए। 1984 में जो हुआ, वो हुआ। पित्रोदा ने यहां पर 1984 के दंगों को लेकर बयान दिया था। भाजपा में पीएम मोदी से लेकर निचले स्तर तक के कार्यकर्ता ने उस बयान को 'हुआ तो हुआ' नाम से लोगों के बीच पहुंचाया था।

**भाजपा ने सैम पित्रोदा के बयान को 'नस्लीय टिप्पणी' बताया है। खास बात है कि लोकसभा चुनाव के दौरान ही पित्रोदा के बोल बिगड़ते हैं। इससे पहले उन्होंने 'विरासत कर' पर विवादित बयान दिया था।**

2019 के लोकसभा चुनाव में भी पित्रोदा का विवादाष्पद बयान आने पर कांग्रेस पार्टी ने अपने राजनेताओं के लिए एक एडवाइजरी जारी की थी। इसमें नेताओं की जुबान पर लगाम कसने के लिए कई बातें कही गई थीं। किस नेता को कब और कौन सा बयान देना है, यह सब एडवाइजरी का हिस्सा था। अगर कोई नेता किसी मुद्दे पर अपनी राय रखना चाहता है तो उसे पहले पार्टी की मीडिया इकाई या किसी दूसरे वरिष्ठ नेता को बताना होगा। पित्रोदा के बयान के सियासी नुकसान को भांपते हुए अब एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि यह सैम पित्रोदा का निजी बयान है, पार्टी का नहीं। यहां यह भी बताना जरूरी है कि सैम पित्रोदा उन मुद्दों पर खुलकर अपनी राय व्यक्त करते हैं, जिनके बारे में वे दृढ़ता से महसूस करते हैं। हालांकि, वे लोकतंत्र में अपने व्यक्तिगत विचारों पर चर्चा करने, व्यक्त करने और बहस करने के लिए स्वतंत्र है। किन्तु इसका मतलब यह भी नहीं माना जाना चाहिए कि सैम पित्रोदा के विचार, हमेशा ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थिति को दर्शाते हैं। अब भाजपा उनके बयान पर कोशिश कर रही है कि उसे सनसनीखेज कैसे बनाया जाए। वैसे भी, चुनाव के दौरान इस तरह के बयान, संबंधित पार्टी के लिए हितकर नहीं माने जाते। इसलिए नेताओं को सोच समझकर ही बयान देना चाहिए। चुनाव में विरोधी दल, ऐसे बयानों की ताक में रहता है। आजकल मुद्दों की राजनीति करने का दौर नहीं है। सियासत में जो कोई बयान, जिस पार्टी को ठीक लगता है, वह उसे उठा लेता है। ऐसे में नेताओं को कोई बात या विचार रखते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

# अपनी गिरेबां में झांकें अमेरिकी राष्ट्रपति

## भारत जेनोफोबिक नहीं, वसुधैव कुटुंबकम का प्रबल पक्षधर

कमलेश पांडे

प्राचीन काल से ही वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिन: जैसा उदात्त विचार रखने वाले भारत को यदि कोई जेनोफोबिक यानी विदेशियों से द्वेष रखने वाला ठहराए, तो ये उसकी अपनी मर्जी है, खुदगर्जी है। जी हां, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले दिनों वाशिंगटन में प्रवासियों की एक बैठक में जब यह कहा कि भारत, चीन, जापान और रूस की जेनोफोबिक (विदेशियों से द्वेष वाली) प्रकृति उनकी आर्थिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार है, तो दुनिया के थानेदार की रणनीतिक विवशता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी। उनकी इस टिप्पणी के गहरे सियासी मायने हैं, जिन्हें वैश्विक कूटनीति के लिहाज से समझने की जरूरत है। क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जब कुछ बोलता है तो वह अनायास नहीं होता, बल्कि रणनीतिक होता है, जिसके शब्द-शब्द में दुनियावी संघर्ष के सूत्र और पारस्परिक जद्दोजहद के भाव चतुराई पूर्वक गूंथे गए होते हैं।



बाइडन का यह कहना कि यदि रूस और चीन के साथ जापान प्रवासियों को अधिक अपनाएगा तो आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से सवालिया लहजे में पूछा भी कि- चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रूक गया है? जापान को परेशानी क्यों हो रही है? रूस और भारत क्यों परेशान हैं? क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे प्रवासी नहीं चाहते। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि अमेरिका तो शुरू से ही प्रवासियों की भूमि रही है। जब ब्रिटिश साम्राज्य में सूरज अस्त नहीं होता था, तब से अमेरिका खुद को मजबूत बना रहा था। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ग्रेट ब्रिटेन का रुतबा कम होने लगा और उसके अभिन्न मित्र के रूप में अमेरिका का प्रभुत्व बढ़ने लगा।

हालांकि जब यूएसए और यूएसएसआर (सोवियत संघ) यानी अमेरिका और रूस में शीतयुद्ध बढ़ा और भारत जब रूस के करीब आया तो अमेरिका ने चीन-जापान से नजदीकियां बढ़ा लीं। वहीं, भूमंडलीकरण और नई आर्थिक नीतियों के चलते जब सोवियत संघ बिखर गया और रूस अपेक्षाकृत कमजोर पड़ गया तो अमेरिका ने भारत पर भी डोरे डाले और रूस-चीन की नजदीकियां बताकर भारत के अभिन्न मित्र बनने का स्वांग रचने लगा। इन तमाम रणनीतिक कसरतों के पीछे अमेरिका का सिर्फ और सिर्फ यही उद्देश्य है कि वह दुनिया का थानेदार बना रहे।

वहीं, बदलते वैश्विक परिवेश में जब भारत में मोदी सरकार आई और पिछले एक दशक में ताबड़तोड़ रणनीतिक और कूटनीतिक फैसले लेते हुए भारतीय गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत को मजबूती पूर्वक अपनाए रखा और अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में भारतीय हितों को तरजीह देना शुरू किया तो अमेरिका, चीन और रूस का नजरिया भारत के प्रति बदलने लगा। फ्रांस और जापान से भारत के मजबूत रिश्ते भी कइयों को चुभने लगे। यह कड़वा सच है कि एक तरफ रूस यूक्रेन में अमेरिकी चाल में फंस गया तो दूसरी तरफ चीन ताइवान में फंसने को तैयार बैठा है, जबकि भारतीय नेतृत्व ने सूझबूझ से काम लिया और चीन-पाकिस्तान से जुड़े अमेरिकी गेम प्लान में फंसने से इंकार कर दिया। यहीं से अमेरिकी नेतृत्व भारत से चिढ़ने लगा और हाल के दिनों में अपनी अटपटी बयान बाजियों से यह संकेत देने लगा कि वह भारत और उसके मित्र जापान को भी रूस और चीन के तराजू पर ही तौलना चाहता है, जो उसकी रणनीतिक भूल है। भारत का मित्र देश इजरायल जब फिलिस्तीन संघर्ष में उलझा तो अमेरिकी इफ एंड बट से उसे मजबूती नहीं बल्कि कमजोरी मिली। इससे साफ है कि एक मित्र के रूप में दुनिया का थानेदार अमेरिका किसी का भरोसेमंद नहीं है। पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक उसकी चालें किसी से छिपी हुई नहीं हैं।

ऐसे माहौल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा अर्थव्यवस्था के बहाने ही सही, लेकिन भारत समेत रूस, चीन और जापान पर निशाना साधना यह जाहिर करता है कि रूस से लेकर चीन तक और ईरान से लेकर अफ्रीका तक विभिन्न मोर्चे पर घिरे अमेरिका के पास अब मित्रों के साथ शत्रुओं सरीखा व्यवहार करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। ऐसा इसलिए कि उसके मित्र देश अमेरिकी हथियार लॉबी की चालों में अब और फंसना नहीं चाहते। शायद इसलिए उन्हें प्रवासियों की याद आई है, जो अमेरिका के चुनाव में इस बार भी अहम भूमिका निभाने को बेताब नजर आ रहे हैं। इन प्रवासियों को ही सम्बोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि, आप जानते हैं, हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं। क्योंकि हम प्रवासियों का स्वागत करते हैं। हम इसके बारे में सोचते हैं। ऐसा इसलिए कि प्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं। यह कोई मजाक नहीं है। यह अतिशयोक्ति नहीं है। हमारे पास ऐसे श्रमिकों की आमद है, जो यहां रहना चाहते हैं और सिर्फ योगदान देना चाहते हैं।

गौरतलब है कि प्रवासियों का आना अमेरिकी राजनीति में प्रमुख मुद्दा है। नवंबर 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में यह निश्चित रूप से अहम भूमिका निभाएगा। आंकड़े बताते हैं कि 2021 के बाद से प्रतिवर्ष 20 लाख लोग अवैध रूप से सीमा पार कर अमेरिका में घुसे हैं। अवैध प्रवासियों के आने का यह अब तक का उच्चतम स्तर है। वहीं, अमेरिकी नेतृत्व को यह पता होना चाहिए कि उनके देश में प्रवासी भारतीयों की भी अच्छी खासी तादात है। इसलिए भारत और जापान के बारे में उनको वैसी राय नहीं रखनी चाहिए, जैसा कि वो रूस और चीन के बारे में रखने को आदि हो चुके हैं। अमेरिका का दूरगामी हित इसी बात में निहित है।

**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

# चीन की शह पर नेपाली दुस्साहस, अकारण नहीं है मुद्रा पर विवादित नक्शे का अक्स

केएस तोमर

दो दिसंबर, 1815 को ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाल के बीच सुगौली संधि पर हस्ताक्षर किया गया था और बाद में चार मार्च, 1816 को इसकी पुष्टि की गई थी, जिसने हिमालय साम्राज्य और औपनिवेशिक भारत के बीच सीमा रेखा स्थापित की। सुगौली संधि के अनुसार, काली नदी को दोनों देशों के बीच सीमा के रूप में स्वीकार किया गया था, लेकिन नेपाल लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापनी पर अपना स्वामित्व जताता रहा, जिसका जमीनी हकीकत से कोई वास्ता नहीं है। वर्ष 1816 से 2024 के बीच कई तरह के नक्शे प्रकाशित किए, जिसने सीमा के मुद्दे को और जटिल बना दिया। दोनों देशों की सरकारों द्वारा गठित सीमा आयोगों के नतीजों से वांछित परिणाम नहीं मिले हैं। अब नेपाल की कम्युनिस्ट सरकार ने अपनी मुद्रा पर नेपाल का एक नया नक्शा प्रकाशित किया है, जिसमें लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी जैसे भारतीय क्षेत्र को नेपाल के हिस्से के रूप में दर्शाया गया है, जिससे सदियों पुराने रिश्ते खतरे में पड़ गए हैं, क्योंकि इस तरह के गैर-राजनयिक कदम से भविष्य में खुला टकराव हो सकता है।

इसे विडंबना ही कहा जाएगा, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के साथ संबंधों को मजबूत करने का काफी प्रयास किया है और आधे दर्जन से अधिक बार नेपाल का दौरा किया, जिसमें 2022 में लुंबिनी की यात्रा भी शामिल है, जब उन्होंने भिक्षुओं, बौद्ध विद्वानों और गणमान्य लोगों की सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि बुद्ध की प्रासंगिकता किसी भौगोलिक सीमा में सीमित नहीं है, बल्कि वह सबके हैं। उन्होंने भारत-नेपाल रिश्तों की तुलना पहाड़ों की ऊंचाई से करते हुए इसे प्रौद्योगिकी, विज्ञान और बुनियादी ढांचों के विकास तक विस्तार देने की प्राथमिकता जताई। लेकिन लगता है कि नेपाल की कम्युनिस्ट सरकार इस रिश्ते को नष्ट करने पर तुली हुई है, जो कि हिमालयी साम्राज्य के लोगों के हितों के खिलाफ होगा। अब नई दिल्ली में आने वाली नई सरकार के लिए चीन समर्थक नेपाल से निपटने के लिए फिर से एक नई रणनीति तैयार करने की अग्निपरीक्षा होगी। संभवत: नेपाल के साथ संबंध बनाए रखने के लिए भारत लचीला रुख अपना सकता है।

कूटनीतिक विशेषज्ञ इस बात पर एकमत हैं कि नेपाल सरकार को चीन भारत पर दबाव बनाने के लिए उकसाता है, जिससे रिश्ते तनावपूर्ण हो सकते हैं और नेपाल में चीन को बढ़त मिल सकती है। प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार, जिसमें चीन समर्थक एवं भारत विरोधी पूर्व नेपाली प्रधानमंत्री केपीएस ओली प्रमुख भागीदार हैं, ने हाल ही में सौ रुपये की नेपाली मुद्रा छापने का आक्रामक फैसला किया, जिसमें नेपाली नक्शे में भारतीय क्षेत्रों को दर्शाया गया है। इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट कर दिया कि नेपाल के इस कदम से जमीनी स्तर पर वास्तविकता नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि हम स्थापित मंच के माध्यम से सीमा मुद्दों पर नेपाल से बातचीत कर रहे हैं। इस बीच नेपाल ने एकतरफा तौर पर अपनी तरफ से कुछ कदम उठाए हैं। भारत पहले ही नेपाल की ऐसी कोशिशों को नकार चुका है।

इसके विपरीत, नेपाल का दावा है कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद भारत ने तीन क्षेत्रों पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया, जो विवाद का विषय रहा है, क्योंकि यह वास्तविकता से बहुत दूर है और सुगौली संधि की भावना के खिलाफ है। नेपाल की मुद्रा पर नया नक्शा छापने के नेपाल सरकार के फैसले ने नई दिल्ली में कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। इससे पहले भी तत्कालीन नेपाली प्रधानमंत्री ओली ने नया नक्शा तैयार कराया था, जिसमें भारत के इन क्षेत्रों को नेपाल में दिखाया गया था। इससे भारत नाराज हो गया था और इस शरारती कदम को सिरे से खारिज कर दिया था।

ओली ने आठ मई, 2020 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा उत्तराखंड के धारचूला से लिपुलेख दर्रे को जोड़ने वाली 80 किलोमीटर लंबी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सड़क के उद्घाटन पर भी आपत्ति जताई थी। नेपाल ने भारत के नव उद्घाटित लिंक रोड पर भी असहमति जताई थी, जो लिपुलेख दर्रे से कैलाश मानसरोवर को जोड़ती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि नई सरकार मुख्य रूप से प्रचंड के सीपीएन (माओवादी सेंटर) और सीपीएन-यूएमएल, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के नेतृत्व वाले चीन समर्थक वफादार गुटों का संयोजन है, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री केपीएस ओली करते हैं, एक घातक जोड़ी बनाता है। यह कटु सच्चाई है कि ओली नेपाल की गठबंधन सरकार पर हावी हो रहे हैं, क्योंकि प्रचंड (32 सांसद) की तुलना में उनके पास 77 सांसदों का बहुमत है। प्रचंड और ओली कट्टर कम्युनिस्ट हैं, जो शायद भारत और चीन के साथ संतुलन बनाने में सहज महसूस नहीं कर रहे होंगे।

यह एक स्थापित तथ्य है कि नेपाल नमक से लेकर पेट्रोलियम उत्पादों तक आवश्यक वस्तुओं के लिए भारत पर पूरी तरह से निर्भर है। अगर नेपाल का झुकाव चीन की तरफ होता भी है, तो भौगोलिक रूप से उन वस्तुओं को चीन से आयात करना उसके लिए संभव नहीं है। भारत ने 53.9 करोड़ डॉलर का निर्यात किया और फिर नेपाल से 6.21 करोड़ डॉलर का आयात किया, जिससे व्यापार संतुलन में 47.7 करोड़ डॉलर की बढ़त दर्ज की गई। हालांकि व्यापार एवं उद्योग के आंकड़े बताते हैं कि नेपाल से आयात एवं निर्यात, दोनों में जनवरी, 2023 और जनवरी, 2024 के बीच कमी दर्ज की गई है। चीन ने हाल ही में मालदीव को अपने पक्ष में कर लिया है और अब नेपाल भी उसी का अनुसरण कर रहा है। यह भारतीय कूटनीति के लिए गंभीर चुनौती है, इसलिए भारत को मालदीव और नेपाल के साथ संयम और लचीलेपन से निपटना चाहिए और इस क्षेत्र में चीन के विस्तारवाद पर अंकुश लगाने के लिए बातचीत को प्राथमिकता देनी चाहिए।

विशेषज्ञों का मानना है कि नेपाल के कम्युनिस्ट भारत विरोधी प्रचार को ग्रामीण स्तर तक फैलाने में सफल हो गए हैं, जो कूटनीतिक रूप से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि यह नेपाल के लोगों के हितों के खिलाफ होगा।

# आखिर किस दौड़ और होड़ में शामिल हो रहे हैं हमारे बच्चे?


डॉ. नाज परवीन

अभी हाल ही में बच्चों के यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के नतीजे आए हैं। अब जल्द ही सी.बी.एस.ई.के परिणाम आ जाएंगे। ये परीक्षाएं और इनके परिणाम महत्वपूर्ण होते हैं, खास इसलिए भी क्योंकि ये 10-12 वर्षों की लगातार मेहनत का फल माने जाते हैं।

इस समय बच्चों सहित पूरे परिवार का ध्यान केवल बच्चों के अंकों के उतार-चढ़ाव पर ही रहता है जिसके 99 प्रतिशत अंक आते हैं उसे 1 प्रतिशत कम आने का गम घेरता है जिसकी तीसरी पोजीशन होती है उसको दूसरी पोजीशन और दूसरे वाले को पहली रैंक ज्यादा आकर्षित करती है इसलिए खुशियों के माहौल में संतुष्टि नदारद रहती है।

हम सभी इस दौर से होकर गुजरे हैं पहले और आज के रिजल्ट आने की प्रक्रिया और परिणामों में बहुत परिवर्तन हो चुके है। पहले ज्यादातर माता-पिता, जो कम पढ़े लिखे होते थे और उन्हें मनोविज्ञान के विषय में जानकारी नहीं थी लेकिन वे बच्चों का मानसिक दबाव कम करने का काम बखूबी जानते थे।

वे 10वीं-12वीं की कक्षाएं प्रारंभ होने के साथ ही यह कहना आरंभ कर देते थे कि पास होने भर के अंक आ जाएं बस, चाहे थर्ड क्लास ही क्यों न आए, बस पास हो जाना ज्यादातर माता पिता सिलेबस और पढ़ाई के डेली रूटीन से भी अंजान रहते थे। उनकी प्रार्थना और दुआएं भी बच्चे के पास होने तक ही रहती थी। शायद उनका डर उनकी ख्वाहिश से बड़ा रहता था कि कहीं बच्चों को तनाव न हो जाए।




मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि पढ़ाई के दौरान बच्चों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसमें पढ़ाई से संबंधित समस्याएं तो रहती ही हैं लेकिन शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं, अकेलापन, एकाग्रता का कम होना, वर्तमान में सोशल मीडिया और मोबाइल का अत्याधिक प्रयोग भी ज्यादातर समय तनाव में रहने के लिए जिम्मेवार हैं।

हालांकि, पहले 60 प्रतिशत अंक आने में गांव में हफ्तों चर्चाएं हुआ करती थी, जिनके 60त्न अंक आते थे। उनके माता-पिता का सीना गर्व से महीनों तक फूला रहता था। इसके विपरीत अब तो 80 प्रतिशत अंक भी संतुष्टि के दायरे से बहार कर दिए गए हैं, जिसका परिणाम है की हम बच्चों में अनावश्यक दबाव बढ़ाते जा रहे हैं।

हम समझ ही नहीं पा रहे कि हम अपने बच्चों को जीवन की किस दौड़ में शामिल करा रहे हैं। जहां मंजिल पर पहुंच कर नंबर वन बने रहने की भूख उन्हें खोखला बना रही है और जीवन के आनंद से वो वंचित हो रहे हैं।

इधर, पहले भी सबसे संवेदनशील रिजल्ट के तौर पर 10-12 वीं का ही परिणाम था। हफ्तों पहले से परिवार वाले बच्चों पर नजर बनाए रखते थे। इतने पर भी बहुत सारे बच्चे परिणाम आने के पहले और बाद में आत्महत्या करने की कोशिश करते थे। कुछ के तो आत्महत्या के बाद आने वाले परीक्षा परिणाम में बहुत अच्छे नंबर भी होते थे जिन्हें देख उनके माता-पिता जीवन भर का दुःख सहन करने के लिए मजबूर हो जाते थे।

आस-पड़ोस वाले उन बच्चों का उदाहरण देकर दूसरे बच्चों को मोटिवेट किया करते थे ताकि वो कोई गलत कदम न उठाए, जिसका परिणाम होता था कि बच्चे अंकों की दौड़ में जीवन में संतुलन बनाना सीख लेते थे और बड़ी परीक्षाओं में फेल होने पर भी जीवन की परीक्षा में वे पास हो जाते थे। तब कोटा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि विभिन्न स्थानों से इतनी बड़ी संख्या में हृदय विदारक खबरे कम ही आती थी तब सबसे संवेदनशील पड़ाव 10-12वीं ही हुआ करते थे।

ऐसा नहीं है की आज के माता पिता बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखते हैं। बस नंबर और कैरियर की प्रतिस्पर्धा उनमें ठूस-ठूस कर भर रहे हैं जो बच्चों को खुद को समझने, समझाने का मौका नहीं देते।

उन्हें यह समझाना बेहद जरूरी है कि नंबरों के इतर भी खूबसूरत दुनिया है। कम अंकों वाले भी दुनिया में बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं। अपने परिवार और देश का नाम रौशन करते हैं। तनाव का हल आत्महत्या नहीं बल्कि मजबूती से खुद को नई चुनौतियों के लिए तैयार करना होता है। खुद को तनाव से बाहर निकालना होता है।

दुनिया के महान मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बच्चें जैसे-जैसे बड़े होते हैं उनके मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल और भी जरूरी हो जाती है। माता पिता को उन्हें समझना जरूरी हो जाता है। हर बच्चे में कोई ना कोई विशेष गुण होता है, कुछ बच्चे पढ़ने में अच्छा करते हैं तो कुछ का मन पढ़ने में बिल्कुल नहीं लगता उन्हें कुछ और करना होता है इस पर हम नंबरों का दबाव उनपर बनाते हैं जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है।

मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि बच्चों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे- पढ़ाई से संबंधित समस्याएं, शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं, अकेलापन, एकाग्रता का कम होना, वर्तमान में सोशल मीडिया और मोबाइल का अत्याधिक प्रयोग भी ज्यादातर समय तनाव में रहने के लिए जिम्मेवार हैं। ऐसे में उनका विशेष ध्यान रखने के बजाए हम उन पर अनावश्यक दबाव बनाये जा रहे हैं, जो किसी भी दृष्टि से सही नहीं है।

आज के दौर में तनाव एक ऐसी समस्या है जो बच्चों में भी तेजी से अपनी पैठ बना रहा है। अब बच्चे घर छोड़ने के बात मम्मी ने जलेबी बनाई है सुनकर नहीं लौटते जैसे 90 के दशक के टीवी एड में दिखाया जाता था। बच्चों की जरूरतें पहले से ज्यादा विकसित हो गई हैं।

उनके सलाहकार गूगल बाबा हैं। जो सवाल से जवाब तक और मर्ज से इलाज तक मिनटों में ढूंढ लेते हैं। परिवार सीमित हो गए हैं। रिश्तों के नाम पर औपचारिकता का बोल बाला है जिसके कारण बच्चों को समझने समझाने वाले कांधे कम होते जा रहे और लगातार मनोचिकित्सकों की डिमांड बढ़ती जा रही है जो की भारत जैसे विकासशील देश में, देश के हर कोने में पहुंच से बाहर हैं। अभी मनोचिकित्सकों की कमी को पूरा करने में समय लगेगा।

ऐसे में किशोर अवस्था से गुजरते हुए दौर में बच्चों के बढ़ते तनाव पर खासी नजर रखने की आवश्यकता है। घर और स्कूल, कॉलेजों में बच्चों की समय-समय पर काउंसलिंग करवाने की जरूरत है। बच्चे ही देश का भविष्य हैं इनके मानसिक स्तर का मजबूत होना देश हित के लिए बेहद जरूरी है। भारत युवाओं का देश है और हर बच्चे में कुछ खास गुण जन्मजात होते हैं जिन्हें पहचान उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का काम माता पिता और शिक्षकों का है।

# दिवालियापन के शिकार क्यों हो रहे अमेरिकी बैंक?



**प्रह्लाद सबनानी**

सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक

अमेरिका में वर्ष 2023 में 3 बैंक (सिलिकन वैली बैंक, सिगनेचर बैंक, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक) डूब गए थे एवं वर्ष 2024 में भी एक बैंक (रिपब्लिक फर्स्ट बैंक) डूब गया है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अमेरिकी केंद्रीय बैंक, यूएस फेडरल रिजर्व, द्वारा ब्याज दरों में की गई वृद्धि के चलते बैंकों के असफल होने की यह परेशानी बहुत बढ़ गई है।

सिलिकन वैली बैंक ने कई तकनीकी स्टार्ट अप एवं उद्यमी पूंजी फर्म को ऋण प्रदान किया था। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 20,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्तियां थी और यह अमेरिका के बड़े आकार के बैंकों में गिना जाता था और हाल ही के समय में डूबने वाले बैंकों में दूसरा सबसे बड़ा बैंक माना जा रहा है। इसी प्रकार, सिगनेचर बैंक ने न्यूयॉर्क कानूनी फर्म एवं अचल सम्पत्ति कम्पनियों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर रखी थीं। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 11,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति थी और अमेरिका में हाल ही के समय में डूबने वाले बड़े बैंकों में चौथे स्थान पर आता है। 31 जनवरी 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल सम्पत्तियां 600 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं जमाराशि 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर थीं। न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में बैंक की 32 शाखाएं थीं जिन्हें अब फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में जाना जाएगा क्योंकि फुल्टन बैंक ने इस बैंक की सम्पत्तियों एवं जमाराशि को खरीद लिया है।

पीयू रिसर्च संस्थान के अनुसार, चार शताब्दी पूर्व, वर्ष 1980 एवं वर्ष 1995 के बीच अमेरिका में 2,900 बैंक असफल हुए थे। इन बैंकों के पास संयुक्त रूप से 2.2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्ति थी। इसी प्रकार, वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के बीच अमेरिका में 500 बैंक, जिनकी कुल सम्पत्ति 95,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, असफल हो गए थे। ऐसा कहा जाता है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर अमेरिका में सामान्यत: बैंक असफल नहीं होते हैं। परंतु, इस सम्बंध में अमेरिकी रिकार्ड कुछ और ही कहानी कह रहा है। वर्ष 1941 से वर्ष 1979 के बीच, अमेरिका में औसतन 5.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 1996 से वर्ष 2006 के बीच औसतन 4.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं एवं वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के बीच औसतन 3.6 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 2022 में अमेरिकी बैंकों को 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ था। इसके पूर्व, वर्ष 1921 से वर्ष 1929 के बीच अमेरिका में औसतन 635 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। यह अधिकतर छोटे आकार के बैंक एवं ग्रामीण बैंक थे और यह एक ही शाखा वाले बैंक थे। अमेरिका में आई भारी मंदी के दौरान वर्ष 1930 से वर्ष 1933 के बीच 9,000 से अधिक बैंक असफल हुए थे। इनमें कई बड़े आकार के शहरों में कार्यरत बैंक भी शामिल थे और उस समय इन बैंकों में जमाकर्ताओं की भारी भरकम राशि डूब गई थी। वर्ष 1934 से वर्ष 1940 के बीच अमेरिका में औसतन 50.7 बैंक प्रतिवर्ष बंद किए गए थे।

अमेरिका में इतनी भारी मात्रा में बैंकों के असफल होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल है कि वहां छोटे छोटे बैंकों की संख्या बहुत अधिक होना है। बैकों के ग्राहक बहुत पढ़े लिखे और समझदार हैं। बैंक में आई छोटी से छोटी परेशानी में भी वे बैंक से तुरंत अपनी जमाराशि को निकालने पहुंच जाते हैं, जबकि बैंक द्वारा इस राशि से खड़ी की गई सम्पत्ति को रोकड़ में परिवर्तित करने में कुछ समय लगता है। इस बीच बैंक यदि जमाकर्ता को जमाराशि का भुगतान करने में असफल रहता है तो उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाता है और इस प्रकार बैंक असफल हो जाता है। कई बार बैंकों द्वारा किए गए निवेश (सम्पत्ति) की बाजार में कीमत भी कम हो जाती है, इससे भी बैंकें अपने जमाकर्ताओं को जमाराशि का भुगतान करने में असफल हो जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार बढ़ौतरी की गई है, जिससे इन बैकों द्वारा अमेरिकी बांड में किये गए निवेश की बाजार में कीमत



अत्यधिक कम हो गई है। अब इन बैंकों को बांड में निवेश की बाजार कीमत कम होने के स्तर तक प्रावधान करने को कहा गया है और यह राशि इन बैकों के पास उपलब्ध ही नहीं है, जिसके चलते भी यह बैंक असफल हो रहे हैं। एक सर्वे में यह बताया गया है कि आने वाले समय में अमेरिका में 190 अन्य बैंकों के असफल होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि ब्याज दरों के बढ़ने से ऋण की मांग बहुत कम हो गई है। विभिन्न कम्पनियों ने अपने विस्तार की योजनाओं को रोक दिया है, इससे निर्माण की गतिविधियों में कमी आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व, का पूरा ध्यान केवल मुद्रा स्फीति को कम करने पर है एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विकास दर को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उत्पादों की मांग कम हो और मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाया जा सके। इसके चलते कई कम्पनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी कर रही है एवं देश में युवा वर्ग बेरोजगार हो रहा है।

पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियां अमेरिका में बैंकिंग क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का हल नहीं निकाल पा रही हैं। अब तो अमेरिकी अर्थशास्त्री भी मानने लगे हैं कि आर्थिक समस्याओं के संदर्भ में साम्यवाद के बाद पूंजीवाद भी असफल होता दिखाई दे रहा है एवं आज विश्व को एक नए आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है। इन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट इशारा भारत की ओर है क्योंकि इस बीच भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित मॉडल भारत में आर्थिक समस्याओं को हल करने में सफल रहा है। अमेरिका में बैकों के असफल होने की समस्या मुख्यत: मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में की गई वृद्धि के कारण उत्पन्न हुई हैं। दरअसल, मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उत्पादों की मांग को कम करने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि करने के स्थान पर बाजार में उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि इन उत्पादों की कीमत को कम रखा जा सके। प्राचीन भारत में उत्पादों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिसके कारण मुद्रा स्फीति की समस्या भारत में कभी रही ही नहीं है। बल्कि भारत में उत्पादों की प्रचुरता के चलते समय समय पर उत्पादों की कीमतें कम होती रही हैं। ग्रामीण इलाकों की मंडियों में आसपास ग्रामों में निवास करने वाले ग्रामीण व्यापारी एवं उत्पादक अपने उत्पादों को बेचने हेतु एकत्रित होते थे, सायंकाल तक यदि उनके उत्पाद नहीं बिक पाते थे तो वे इन उत्पादों को कम दामों पर बेचना प्रारम्भ कर देते थे ताकि गांव जाने के पूर्व उनके समस्त उत्पाद बिक जाएं एवं उन्हें इन उत्पादों को अपने गांव वापिस नहीं ले जाना पड़े। इस प्रकार भी विभिन्न उत्पादों की भारतीय मंडियों में मांग से अधिक आपूर्ति बनी रहती थी। अत: उत्पादों की कमी के स्थान पर उत्पादों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता पर ध्यान दिया जाता था, इससे प्राचीन भारतीय ग्रंथों में मुद्रा स्फीति का जिक्र ही नहीं मिलता है। दूसरे, पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में आर्थिक मॉडल एवं नियमों को बहुत जटिल बना दिया गया है। इससे भी कई प्रकार की आर्थिक समस्याएं खड़ी हो रही है जिसका हल विकसित देश नहीं निकाल पा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### सेवा कार्य करने की दिलाई शपथ

**ग्वालियर।** जैन मिलन महिला रत्नत्रय शाखा विनय नगर का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को शिंदे की छावनी स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। जिसमें नई टीम की महिला पदाधिकारियों को असहाय महिलाओं के लिए शिविर लगाने व सेवा कार्य करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अध्यक्ष पद पर ज्योति जैन, सचिव मनीषा जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिता जैन, उपाध्यक्ष माया जैन अंजना जैन, अनिता जैन, सुनीत जैन और नीलम जैन, सह सचिव नेहा जैन, कोषध्यक्ष ज्योति जैन, सह कोषाध्यक्ष रिजुल जैन, सांस्कृतिक मंत्री वंदना जैन, सह सांस्कृतिक मंत्री रानू जैन, प्रचार मंत्री अलका जैन, संगठन मंत्री साधना जैन ने शपथ ली।



### अग्रवाल परिचय सम्मेलन 20 से

**ग्वालियर।** अखिल भारतीय अग्रवैश्य परिचय सम्मेलन द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 20 से 22 मई तक तोरण वाटिका में किया जाएगा। परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने बताया कि परिचय सम्मेलन हेतु पंजीयन 12 मई तक कराए जा सकते हैं। इस आयोजन में कई शहरों के युवक व युवती भाग लेंगे।



### मॉर्निंग स्टार स्कूल में मना फल दिवस

**ग्वालियर।** मॉर्निंग स्टार स्कूल में गत दिवस फल दिवस मनाया गया। इसके साथ ही समाचार पत्र गतिविधि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बच्चों को बताया गया कि स्वस्थ्य रहने के लिए आप सभी ताजे फल जरूर खाएं। इसके साथ ही बच्चों से कहा गया कि कक्षा में अपने पसंदीदा फलों को लाए और अपने दोस्तों के साथ शेयर भी करें। बच्चों को सलाद बनाने की गतिविधि के विषय में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### शराबी के उत्पात्त करने पर बस में लोगों ने कर दी थी मारपीट

# बस में झूठी सामूहिक दुष्कर्म की सूचना पर पुलिस हुई चकरघिन्नी

**नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर**

बस में यात्रा करने वाले युवक के सिर जब शराब का नशा सिर चढ़कर बोलने लगा तो वह बस में उछलकूद करने लगा। परेशान सवारियों ने उसकी मारपीट कर दी। मारपीट से आहत युवक तड़के बस से उतरा और राहगीर से फोन लेकर पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर दिया कि बस में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म हो रहा है। चलती बस में सामूहिक दुष्कर्म की सूचना मिलने पर महिला अधिकारी सहित दो थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और बस को टोल प्लाजा पर रोका। बस में सवारियों से पूछताछ करने पर पता चला कि फोन करने वाला शराब पीकर हंगामा कर रहा था इसलिए उसकी धुनाई लगा दी। झूठी सूचना देने वाले को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस तीन घंटे तक चकरघिन्नी होती रही।



बुधवार तड़के साढ़े चार बजे के करीब पुलिस नियंत्रण कक्ष में एक युवक ने फोन किया और बोला कि गुजरात से भिंड जा रही बस में युवती के साथ दो युवक सामूहिक दुष्कर्म कर रहे हैं। चलती बस में दुष्कर्म का पता चलने पर डीएसपी महिला सेल किरण अहिरवार गोला का मंदिर थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा और मुरार थाना प्रभारी मदनमोहन मालवीय मौके पर पहुंचे। गोला का मंदिर चौराहे पर पहुंचने पर पता चला कि जिस बस में दुष्कर्म की सूचना है वह भिंड के लिए निकल गई है। बस के रवाना होने का पता चलने पर महाराजपुरा थाना पुलिस को बस को रोकने के लिए मैसेज किया और स्वयं भी बस का पीछा करने लगे। बरेठा टोल प्लाजा पर पुलिस ने बस को रोक लिया। पुलिस ने बस में सवार महिलाओं बच्चों और पुरुषों को बस से नीचे उतारा और सभी से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी सामूहिक दुष्कर्म की घटना से इनकार कर दिया। पुलिस को सवारियों ने बताया कि अहमदाबाद से एक शराबी युवक बैठा था रात से ही वह सवारियों को परेशान कर रहा था। बस मे यात्रा करने वाले दो युवकों ने उसकी धुनाई कर दी थी।

तीन घंटे तक पुलिस चकरघिन्नी होती रही और जब पुलिस ने जिस फोन से युवक ने फोन किया था उसे फोन मिलाया तो वह सब्जी वाले का निकला। बाद में पुलिस ने फोन करने वाले युवक को बस स्टैण्ड से दबोच लिया। पकड़ा गया युवक की पहचान जितेन्द्र भदौरिया निवासी भिंड के रूप में हुई। गोला का मंदिर थाना पुलिस ने जितेन्द्र के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की है।

## प्रेस्टीज में बैंकिंग व सरकारी क्षेत्र में कॅरियर पर कार्यक्रम आयोजित



**नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर**

प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान के मार्केटिंग क्लब द्वारा विद्यार्थियों को बैंकिंग और सरकारी क्षेत्र में कॅरियर संबंधित जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्थान के निदेशक डॉ. निशांत जोशी ने बताया कि बैंकिंग और सरकारी क्षेत्र में कॅरियर का महत्व यह है कि यह स्थिरता विकास के अवसर और समाज पर प्रभाव डालने का मौका प्रदान कर सकता है। बैंकिंग में आप वित्तीय लेन, देन को संभालते है और व्यक्तियों और व्यापारों को उनके पैसे को प्रभावी रुप से प्रबंधित करने में मदद करते है। सरकारी क्षेत्र में, आप नीति निर्माण, सर्वजानिक सेवा, और अपने समुदाय या देशवाशियों कल्याण कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद सेवानिवृत्त जनरल मैनेजर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अशोक पंडित, संस्थान की सह निदेशिका डॉ. तारिका सिंह सिकरवार, रिसोर्स पर्सन शिवम शर्मा, लोकेश शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अहम जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. निश्चय उपमन्यु एवं डॉ. स्नेहा राजपूत के अलावा अन्य मौजूद रहे।

## आईसीएसई में लिटिल जायंट्स के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर**



श्रेया अग्रवाल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। | अंशिका गोयल ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। | राधिका गुप्ता ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

आईसीएसई 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में मुरैना/पोरसा के लिटिल जाइंट्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का सौ प्रतिशत उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। स्कूल संचालक गौरव शर्मा ने बताया कि उनके सभी विद्यार्थियों ने हाल ही में जारी आईसीएसई परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किए हैं। यह भारत का कठिनतम बोर्ड है जिसमें पोरसा के विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त की है। उन्होंने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नामांकन के बदले रिश्वत मांग रहा कर संग्राहक निलंबित

**ग्वालियर।** नामांकन के बदले रिश्वत मांगना एक कर संग्राहक को महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद निगमायुक्त ने कर संग्राहक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बुधवार को विभिन्न सोशल मीडिया साइट्स पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें राजेश कुमार यादव, इलेक्ट्रीशियन कार्यरत सम्पत्तिकर कर संग्राहक वार्ड 24 वीडियो में दिखाई दे रहा हैं एवं किसी अन्य व्यक्ति से बात कर यादव द्वारा सम्पत्ति के नामांकन के लिए 50 हजार की मांग की जा रही थी। मामले की जानकारी जैसे ही निगमायुक्त को लगी तो उन्होंने यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता पाने की पात्रता होगी एवं इनका मुख्यालय विद्युत विभाग नगर निगम रहेगा।

## नेशनल लोक अदालत 11 को

**ग्वालियर।** संपत्तिकर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए आगामी 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में संपत्तिकर व जलकर के बकाया में लगाए गए अधिभार में छूट प्रदान की जाएगी। निगमायुक्त हर्ष सिंह ने बताया कि सदस्य सचिव मप्र राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला न्यायालय ग्वालियर के आदेशानुसार लोक अदालत का आयोजन नगर निगम के समस्त 25 क्षेत्रीय वार्ड कार्यालयों एवं जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। लोक अदालत में संपत्तिकर के लंबित प्रकरणों में 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट रहेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें 50 हजार से एक लाख रुपए तक की राशि बकाया है, उनके अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट एवं एक लाख रुपए से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। वहीं जलकर के प्रकरणों में कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट रहेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें 10 हजार से 50 हजार तक की राशि बकाया है, उनके अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट एवं 50 हजार रुपए से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट केवल एक बार में ही दी जाएगी।

## निगम ने 28 संस्थानों को फिर दिए नोटिस, सात दिन का दिया समय

**नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर**

बीते माह एजी ऑफिस पुल के समीप संगम वाटिका व रंग महल गार्डन में हुए अग्निकांड के बाद भी गार्डन संचालकों के साथ-साथ अन्य संस्थान अग्निशमन व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते निगम ने कई संस्थानों को सील भी किया है, साथ ही कई गार्डन संचालकों को नोटिस भी जारी किए है। बुधवार को एक बार फिर से निगम के दमकल विभाग ने 28 संस्थानों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें अस्पताल, कोचिंग सेंटर, मैरिज गार्डन आदि शामिल हैं। इन संस्थानों को नोटिस जारी कर सात दिन के अंदर अग्निशमन व्यवस्था पूर्ण कर फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के लिए ऑडिट कराने के निर्देश दिए गए हैं। यदि ऑडिट की कार्रवाई नहीं कराई जाती है, तो संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संस्थान को सील करने की प्रक्रिया की जाएगी।

### इनको जारी किए नोटिस

1-केमिस्ट्री जोन कोचिंग, लक्ष्मीबाई कॉलोनी
2-मैथ्स जेईई कोचिंग, लक्ष्मीबाई कॉलोनी
3-मालिक्यूलर क्लासेस, लक्ष्मीबाई कॉलोनी
4-द केमिस्ट्री क्लास रूम, लक्ष्मीबाई कॉलोनी
5-राधे हास्पिटल, यादव धर्मकांटा के पास
6-अमरनाथ मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल, मुरैना रोड
7-एसएसटी हास्पिटल, मुरैना रोड
8-आरडी मेमोरियल हास्पिटल, नारकोटिक्स कार्यालय के पास मुरार
9-सांवरिया हास्पिटल, माल रोड मुरार
10-सहारा हास्पिटल, झांसी रोड
11-होटल शेरे पंजाब, नई सड़क
12-डॉ. रोहित कालरा क्लीनिक, यूनिवर्सिटी रोड सिटी सेंटर
13-भगवती गार्डन, चौहान प्याऊ थाटीपुर
14-बिंदल शोरूम, पटेल नगर सिटी सेंटर
15-निर्मल वाटिका, कोटेश्वर मंदिर के सामने
16-महाराजा गार्डन, साइंस कॉलेज के सामने
17-श्रीकृष्ण वाटिका, शहीद गेट के पास मुरार
18-शालीमार गार्डन, थाटीपुर
19-बालाजी गार्डन, गोविंदपुरी चौराहा
20-आमंत्रण परिणय वाटिका, हुरावली चौराहा मुरार
21-महावीर भवन, कंपू
22-हरदौल गार्डन, सचिन तेंदुलकर मार्ग
23-सार्थक गेस्ट हाउस, थाटीपुर पेट्रोप पंप के पास
24-श्रीजी उत्सव वाटिका, महल गेट के पास
25-आशीर्वाद वाटिका, महल गेट के पास
26-श्रीजी परिणय वाटिका, महल गेट के पास
27-अचलनाथ मैरिज गार्डन, साइंस कॉलेज के सामने
28-आशीर्वाद हास्पिटल, यादव कॉलोनी कटोराताल चौराहा

## प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को किया पुरस्कृत

### वल्लभाचार्य के प्राकट्य उत्सव का समापन



**नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर**

अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के तत्वावधान में मनाए जा रहे जगतगुरु महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के पांच दिवसीय प्राकट्य उत्सव बुधवार को दौलतगंज स्थित श्री गिर्राज धर्मशाला में विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों के साथ श्रद्धापूर्ण आध्यात्मिक वातावरण में समापन हुआ। संस्था के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल एवं महामंत्री मोहनदास अग्रवाल ने बताया कि जगतगुरु महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के प्राकट्य उत्सव के द्वितीय दिवस पर आयोजित की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कोटा से आए वैष्णवाचार्य शरद कुमार महाराज ने प्रश्नोत्तरी स्पर्धा के सभी आयु वर्ग के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के केन्द्र से आए पदाधिकारीगण सर्वश्री लक्ष्मीनारायण नीमा, बद्रीलाल चौधरी, हेमंत सक्सेना, राधेश्याम विजयवर्गीय, ग्वालदास अग्रवाल एवं राखी व्यास को वैष्णवाचार्य शरद कुमार महाराज ने पुष्टिरत्न के अति सम्मानित अलंकरण से विभूषित कर समाज के प्रति उनके योगदान को सराहा। वहीं शहर के जिन वैष्णव समाजबंधुओं ने सक्रिय योगदान दिया, उन सभी को भी महाराजश्री ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। तदुपरांत वैष्णवाचार्य शरद कुमार महाराज के मंगल प्रवचन हुए।

## कार ने मोटर साइकिल सवार को मारी टक्कर

**ग्वालियर।** एक कार चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए मोटर साइकिल सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया।थाटीपुर थाना क्षेत्र स्थित सुरेश नगर सरकारी मल्टी निवासी विकास पुत्र नरेश सिंह हुरावली से देर रात मोटर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। अभी वह पेट्रोल पम्प थाटीपुर के पास पहुंचा ही था तभी रेलवे स्टेशन की ओर से आ रही कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी। बता दें रात में कार चालक सड़क पर कारों को फर्राटे भरते हुए दौड़ाते हैं। कार की चपेट में आने से विकास घायल हो गया। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### बीई,बीटेक प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**ग्वालियर।** थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड यूनिवर्सिटी में बीई, बीटेक एडमिशन के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। ये एडमिशन जेईई मेन 2024 की आल इंडिया रैंक और 12वीं की पीसीएम मेरिट को ध्यान में रखकर दिए जा रहे हैं। लेटरल एंट्री एडमिशन 10वीं के बाद तीन साल का डिप्लोमा या 12वीं के बाद दो साल का डिप्लोमा करने वाले विद्यार्थियों को दिया जाता है। संस्थान की अलग-अलग ब्रांच में तीन हजार से अधिक सीटें उपलब्ध हैं।

### मराठी काव्य गोष्ठी 11 को

**ग्वालियर।** मधुर मराठी मंच की मासिक मराठी काव्य गोष्ठी शनिवार 11 मई को सायं 6 बजे नहारखाना स्थित भव्य अपार्टमेंट में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक अशोक शिरढोणकर ने दी।

### वीर सावरकर मेला 27 से

**ग्वालियर।** वीर सावरकर मेला आयोजन समिति एवं हिन्दू महासभा पदाधिकारियों की बैठक भारद्वाज मेंशन दौलतगंज में हुई। बैठक में तय हुआ कि 27 और 28 मई को वीर सावरकर मेले का आयोजन वीर सावरकर सरोवर मार्ग पर किया जाएगा। जिसमें निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के साथ सामूहिक नृत्य, वेशभूषा और स्केटिंग दौड़ प्रतियोगिता होगी।


## चुनाव कराने आईं केन्द्रीय सुरक्षा बल की कंपनियां रवाना



**नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर**

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में अपनी भूमिका निभाने वाले केन्द्रीय सुरक्षा बल की कंपनियों के अधिकारियों का आभार व्यक्त करने के बाद उनको रवाना किया गया। चुनाव में एसएएफ, बीएसएफ सहित अन्य बलों ने भाग लिया था। जिले में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा आठ कंपनियां उपलब्ध कराई गई थीं। मतदान से पूर्व कंपनियों ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला था। बुधवार को बाहर से आई कंपनियों के अधिकारियों का प्रशिक्षु आईपीएस अनु बेनीवाल ने आभार व्यक्त करते हुए एक विदाई पार्टी का आयोजन किया। इस अवसर पर महिला अधिकारी ने सुरक्षा बलों द्वारा किए गए सहयोग की सराहना की गई। बता दें ग्वालियर जिले को बाहर से आठ कंपनियां मिली थीं जिन्हें बुधवार को चुनाव के बाद रवाना किया गया।

# सत्संग से होता है कल्याणः शास्त्री



**नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर**

मनुष्य को हमेशा सत्संग सुनना चाहिए। सत्संग सुनने से मनुष्य का कल्याण होता है। जो भी मनुष्य सच्चे मन से भगवान का जाप और नाम नहीं लेता है उस मनुष्य का कभी भी कल्याण एवं उद्धार नहीं हो सकता है। यह विचार राजा बाक्षर मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भागवताचार्य पं. घनश्याम शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज समाज में मित्र का दुश्मन मित्र ही बन गया है। मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए अपने मित्र की ही हत्या कर देता है। रामायण में भी कहा गया है कि जो मनुष्य अपने मित्र का दुःख देखकर दुखी नहीं होता है ऐसे लोग को देखने से पाप लगता है। भगवान छल-कपट करने वाले मनुष्य की भक्ति को कभी भी पसंद नहीं करते है। हर मनुष्य को विधि के विधान का कर्म भोगना पड़ता है।

### ब्राह्मण समाज की बैठक आज

भगवान परशुराम मंदिर घासमंडी मुरार में ब्राह्मण समाज की एक 9 मई गुरुवार को सायं 5 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के विषय पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी ब्राह्मण सभा मुरार के महामंत्री पंडित रामबाबू शर्मा ने दी।

### चित्रगुप्त जयंती 14 को मनेगी

माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम के समीप स्थित चित्रगुप्त धाम में 14 मई को बड़े धूमधाम से चित्रगुप्त जयंती मनाई जाएगी, इसके लिए होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए समितियों का गठन किया गया है। नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि 14 को भगवान चित्रगुप्त जी का अभिषेक, छप्पन भोग, फूल बंगला, भजन संध्या एवं भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

### हरिनाम प्रभात फेरी निकाली



संत आशाराम बापू आश्रम ग्वालियर के तत्वावधान में बैसाखी अमावस्या पर्व पर दीनदयाल नगर में हरिनाम प्रभात फेरी निकाली गई जो कुशवाह मार्केट से प्रारंभ होकर हरिओम धाम पर समाप्त हुई। प्रभात फेरी में भक्तों द्वारा खूब नृत्य किया गया। इस अवसर पर जल, फल और मिष्ठान का वितरण हुआ। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी बलवीर सिंह परमार, अर्जुन भाई, रामू रामानी, दिलीप हूंदवानी, नवीन भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम की पालकी कल निकलेगी

भगवान श्री परशुराम पालकी समिति ग्वालियर द्वारा 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर सुबह 7 बजे श्रीराम मंदिर फालका बाजार लश्कर से पालकी यात्रा निकाली जाएगी जो श्री सनातन धर्म मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी।

## आईटीएम में मेगा जॉब फेयर 11 को

**नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर**

**देश-विदेश की 24 कंपनियां करेंगी शिरकत**

आईटीएम विश्वविद्यालय और आईटीएम ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल (टेप सेल) द्वारा 8वां मेगा जॉब फेयर- का आयोजन 11 मई को किया जाएगा। मेगा जॉब फेयर में देश और विदेश में संचालित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की 24 कंपनियां शिरकत करेंगी, जहां युवाओं को चयनित कर विभिन्न सेक्टर्स में जॉब ऑफर करेंगी।

आईटीएम के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर अर्पित सिंह चौहान ने बताया कि अकादमिक हब बन चुके आईटीएम के बेहतर गुणवत्ता वाले होनहार विद्यार्थियों की डिमांड अब कंपनीज में तेजी से बढ़ रही है। विद्यार्थियों की स्किल और तकनीकी ज्ञान पर कंपनियों को इतना भरोसा है कि विभिन्न कंपनियां हर साल यहां कैम्पस प्लेसमेंट कर रिक्रूटमेंट कर रही हैं। साथ ही तेजी से आगे बढ़ रहीं कई नई कंपनियों की आमद भी आईटीएम में लगातार हो रही है। इसी क्रम में आईटीएम विश्वविद्यालय और आईटीएम ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रहा मेगा जॉब फेयर में हिस्सा लेने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियां आ रही हैं।

# सोनू बग्गड़ को पहली पंजाबी फिल्म ट्रेवल एजेंट के लिए धर्मेंद्र आशीर्वाद देने आए




बॉलीवुड के लेजेंड्री एक्टर धर्मेंद्र, रंजीत, गुलशन ग्रोवर, जॉनी लीवर और अवतार गिल सहित कई हस्तियां सोनू बग्गड़ की पहली पंजाबी फिल्म ट्रेवल एजेंट के मुहूर्त पर हाजिर हुए और नवोदित अभिनेता को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। मुम्बई के सनी सुपर साउंड में निर्माता सतविंदर सिंह मथारू और लेखक निर्देशक बलजिंदर सिंह सिद्धू की फिल्म का शुभारम्भ हुआ।


विख्यात एक्शन डायरेक्टर मोहन बग्गड़ के पुत्र सोनू बग्गड़ इस फिल्म से बतौर हीरो डेब्यू कर रहे हैं। धर्मेंद्र उन्हें अपना भतीजा मानते हैं। धर्मेंद्र ने इस अवसर पर कहा कि मैं यहां सोनू बग्गड़ को उनकी फर्स्ट पिक्चर के लिए आशीर्वाद देने आया हूं। मुझे बहुत ही अच्छा महसूस हो रहा है। सोनू प्रतिभशाली हैं और पंजाबी फिल्म से शुरूआत कर रहे हैं। अगर इस फिल्म में मेरे लिए भी कोई रोल निकलता है तो मैं अवश्य करूंगा।

बता दें कि सोनू बग्गड़ की पंजाबी फिल्म ट्रेवल एजेंट की कहानी इस विषय पर आधारित है कि पंजाब के काफी लोग विदेश काम करने के लिए चले जा रहे हैं। अपने माता पिता और परिवार एवं खेतीबाड़ी को छोड़कर विदेश में जाकर मेहनत करते हैं। फिल्म यही संदेश देती है कि युवा अपने देश मे रहकर मातापिता की सेवा करें, खेती करें। इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही पंजाब और उत्तराखंड में की जाएगी।

गोबिंद फिल्म्स क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले यह फिल्म यू. बी. एस. प्रोडक्शंस के सहयोग से बनाई जा रही है। पंजाबी फिल्म ₹ट्रैवल एजेंट₹ के संगीतकार गुरमीत सिंह, एक्शन मास्टर मोहन सिंह बग्गड़, डीओपी नजीब खान हैं। फिल्म की स्टार कास्ट में सोनू बग्गड़, पूनम सूद, प्रभ ग्रेवाल, गग्गू गिल, शविंदर महल, विजय टंडन, अवतार गिल, जतिंदर कौर (रोज), रंजीत रियाज, नीटू पंधेर, परमजीत खनेजा, आर पी सिंह, जुगनू का नाम उल्लेखनीय है।

आज जन्मदिन पर विशेष...

## विजय देवराकोंडा ने तेलुगु फिल्म से कॅरियर शुरू किया



विजय देवरकोंडा एक भारतीय अभिनेता है, जिहोंने मुख्य रूप से तेलुगु सिनेमा में काम किया है। विजय ने अपनी पहली तेलुगु फिल्म नुव्विला (2011) के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की। विजय को मुख्यता तेलुगु फिल्म अर्जुन रेड्डी के लिए जाना जाता है, जिसे बाद में हिंदी में कबीर सिंह के नाम से रीमेक किया गया था। आज के समय में विजय सबसे ज्यादा महंगे साउथ एक्टर्स में से एक हैं।

विजय देवरकोंडा का जन्म 9 मई 1989 को तेलंगाना में हुआ था। इनका जन्म तेलुगु टीवी निर्देशक देवरकोंडा गोवेर्धन राओ और देवरकोंडा माधवी के घर हुआ था।

विजय ने अपनी पहली तेलुगु फिल्म नुव्विला (2011) के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की। जिसके बाद इन्होने काफी फिल्मों में काम किया। इन्होंने सुपर डुपर हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी में अपना बेहतरीन अभिनय निभाया है। विजय, बॉलीवुड में अपनी पहली फिल्म लाइगर से डेब्यू करने जा रहे है, जिसमे उनके साथ अनन्या पांडेय भी नजर आएंगी।

## कार्तिक ने मेट्रो में फैंस के साथ खिंचवाई सेल्फी



एक्टर कार्तिक आर्यन ने मुंबई मेट्रो से सफर किया। इस दौरान वहां मौजूद फैंस ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ जमकर सेल्फी लीं। एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें वो ब्लैक जींस और ब्लैक टी-शर्ट पर मास्क लगाए नजर आ रहे हैं। इस सफर के दौरान कार्तिक एक गेट के पास खड़े रहे और उन्होंने अपने कई फैंस से मुलाकात की। बाद में मेट्रो स्टेशन पर उतरकर अपनी कार से रवाना हो गए। इससे पहले पिछले महीने भी कार्तिक को फैंस ने घेर लिया था। तब वो कोलकाता में भूल भुलैया 2 की शूटिंग करने पहुंचे थे। हावड़ा ब्रिज पर कार्तिक को रूह बाबा के गेट अप में देखकर काफी भीड़ इकठ्ठा हो गई थी। इस फिल्म में कार्तिक के अपोजिट तृप्ति डिमरी और विद्या बालन नजर आएंगी। वर्कफ्रंट पर एक्टर अपनी अगली फिल्म चंदू चैम्पियन की डबिंग पर जुटे हुए हैं। एक्टर ने बीते 4 मई को डबिंग स्टूडियो से एक फोटो भी शेयर की थी। कार्तिक जल्द ही इस फिल्म का प्रमोशन शुरू करेंगे। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म को कबीर खान ने डायरेक्ट किया है। यह 14 जून को थिएटर्स में रिलीज होगी।

## फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' में हुमा कुरैशी की एंट्री

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 में काम करती नजर आएंगी। अक्षय कुमार



और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म ह्यजॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। अब इस फिल्म में हुमा कुरैशी की भी एंट्री हो गई है। हुमा कुरैशी ने खुद सोशल मीडिया पर जॉली एलएलबी 3 में शामिल होने की अपडेट दी है। हुमा कुरैशी ने जॉली एलएलबी 2 में पुष्पा पांडे नाम का किरदार अदा किया था। फिल्म की तीसरे पार्ट में भी वो इसी रोल के साथ वापसी कर रही हैं। हुमा कुरैशी ने फिल्म के सेट अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। फोटो को शेयर करते हुए हुमा कुरैशी ने जानकारी दी कि वो जॉली एलएलबी 3 का हिस्सा हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जॉली एलएलबी 3 में पुष्पा पांडे वापस लौट आई है और पिंक कलर में खूबसूरत लग रही है, जिसे अक्षय कुमार ने क्लिक की है। उल्लेखनीय है कि जॉली एलएलबी वर्ष 2013 में प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में अरशद वारसी ने मुख्य किरदार निभाया था। वहीं, वर्ष 2017 में प्रदर्शित जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई। अब जॉली एलएलबी 3 में अरशद और अक्षय दोनों नजर आएंगे।

## आलिया भट्ट फिर डीपफेक की शिकार हुई



**आलिया भट्ट का नया डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस वामिका गब्बी के वीडियो पर आलिया का चेहरा फिट कर दिया गया है।**

वामिका ने कुछ दिनों पहले अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर ये वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में वो लाल साड़ी पहनी नजर आ रही थीं। दरअसल, इस लुक में वो संजय लीला भंसाली की फिल्म 'हीरामंडी' की स्क्रीनिंग पर पहुंची थीं। किसी ने इसी वीडियो से छेड़छाड़ करते हुए इसमें आलिया का चेहरा लगाकर इसे वायरल कर दिया है। अब आलिया का फेक वीडियो आने से फिर एक बार अकटेक्नोलॉजी को क्रिटिसाइज किया जा रहा है। इससे पहले भी आलिया भट्ट का एक डीपफेक वीडियो सामने आ चुका है। उस डीपफेक वीडियो में एक लड़की व्हाइट एंड ब्लू फ्लोरल ड्रेस पहने बोल्ड पोज देती नजर आई थी। वीडियो में इतनी सफाई से अकटूल की मदद से आलिया का चेहरा इस्तेमाल हुआ है कि एक नजर में वो लड़की आलिया भट्ट ही लगती है। हालांकि, उसके एक्शन और बॉडी पॉश्चर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वीडियो फेक है।

**काजोल का भी वीडियो वायरल हुआ-** कुछ समय पहले काजोल का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो कपड़े बदलती दिखी थीं। फैक्ट चेक में सामने आया कि वो एक डीपफेक वीडियो था, जिसे एक इन्फ्लूएंसर ने पिछले साल जून में बनाया था। कुछ समय पहले रश्मिका मंदाना का भी एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद अमिताभ बच्चन, मृणाल ठाकुर, नाग चैतन्य जैसे कई सेलेब्स उनके सपोर्ट में उतरे थे। मामला बढ़ने के कुछ समय बाद उस लड़की जारा पटेल की पहचान की गई, जिसकी बॉडी में रश्मिका का चेहरा इस्तेमाल कर डीपफेक बनाया गया था। उस लड़की ने इस मामले में सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें अपने वीडियो का गलत रूप से इस्तेमाल किए जाने की कोई जानकारी नहीं थी। बाद में पुलिस जांच चली और आरोपी को पकड़ा गया था। आरोपी का तर्क था कि उसने व्यूज पाने के लिए ऐसा वीडियो बनाया था।

**वामिका गब्बी के वीडियो पर लगाया आलिया का चेहरा**



## इम्तियाज अली ने शाहिद-करीना की तारीफ की

फिल्ममेकर इम्तियाज अली ने शाहिद कपूर और करीना कपूर की तारीफ की है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि दोनों बेहद प्रोफेशनल आर्टिस्ट्स हैं और ब्रेकअप के बावजूद इन्होंने 'जब वी मेट' की शूटिंग में कोई दिक्कत नहीं आने दी थी। बतौर कपल शाहिद-करीना की ये आखिरी फिल्म थी जो कि 2007 में रिलीज हुई थी। इम्तियाज अली ने एक इंटरव्यू में कहा, 'ज्यादातर फिल्म बन चुकी थी। फिर शाहिद और करीना के ब्रेकअप के दो दिन बाद हमें शूटिंग करनी थी। दोनों ने बिल्कुल प्रोफेशनल तरीके से शूटिंग में हिस्सा लिया, उनके चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी, जबकि उनकी पर्सनल लाइफ में बहुत कुछ चल रहा था।' इम्तियाज ने बताया कि शाहिद और करीना फिल्म के लिए फर्स्ट चॉइस नहीं थे। वो पहले इस फिल्म को बॉबी देओल और प्रीति जिंटा के साथ बनाना चाहते थे। इम्तियाज ने कहा, 'बॉबी मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं जिनके साथ मैं ये फिल्म बनाना चाहता था लेकिन फिल्म सोचा न था बनाने में पांच साल लग गए। उस वजह से बॉबी कहीं और व्यस्त हो गए तो मैंने सोचा कि मैं ये फिल्म उनके साथ नहीं बनाता हूं। इसके बाद मैंने शाहिद को 'जब वी मेट' के लिए अप्रोच किया। मुझे शुरूआत में लगा कि आदित्य के रोल में शाहिद यंग लगेंगे इसलिए उन्हें थोड़ा मैच्योर दिखाने के लिए उन्हें ग्लासेस पहनाए और उनकी ड्रेसिंग पर काम किया। करीना की कास्टिंग पर इम्तियाज बोले, 'करीना को पहले मैंने फिल्म के लिए अप्रोच किया था लेकिन बात बन नहीं पाई थी। बाद में वो फिल्म में काम करने के लिए मान गईं। उस दौरान शाहिद और करीना करियर में कोई बहुत अच्छे दौर में नहीं थे। लेकिन मेरा मानना है कि ऐसा टाइम हर फिल्ममेकर और एक्टर की लाइफ में आता रहता है। इम्तियाज आगे बोले, 'मैंने प्रीति जिंटा को करीना से पहले 'जब वी मेट' ऑफर की थी लेकिन उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया था। जब मैंने प्रीति को उनके घर पर स्क्रिप्ट सुनाई तो वो खूब हंसी। मुझे ऐसा लग रहा था कि जैसे वो मेरा मजाक उड़ा रही थीं लेकिन उन्होंने कहा कि फिल्म बहुत फनी है तो मैं उन्हें स्क्रिप्ट सुनाता गया।

### 2007 में रिलीज हुई थी 'जब वी मेट'

डायरेक्टर इम्तियाज अली की फिल्म 'जब वी मेट' (2007) को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में शाहिद कपूर और करीना कपूर लीड रोल में थे। इस फिल्म के लिए करीना कपूर को बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग हिमाचल प्रदेश और उसके आसपास के एरिया में की गई थी।

## फहाद फासिल बोले-मैं पैसों के लिए एक्टिंग नहीं करता

फिल्म 'पुष्पा' एक्टर फहाद फासिल ने बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर की तारीफ की है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने रणबीर को देश का बेस्ट एक्टर कहा। सबसे पहले फहाद ने रणबीर को एक्टिंग का मास्टर कहा। इसके अलावा उन्होंने विक्की कौशल और राजकुमार राव के एक्टिंग



स्किल्स की भी तारीफ की। फहाद ने कहा कि वो रणबीर, राजकुमार राव और विक्की कौशल के टैलेंट को एडमायर करते हैं। फिल्म कंपेनियन को दिए इंटरव्यू में फहाद ने अपनी फिल्मों और कॅरियर के बारे में भी बात की। फहाद ने खुद को पैन इंडिया स्टार कहे जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, 'मैं बस एक एक्टर हूं। मैं सिर्फ अपना काम करने में यकीन करता हूं। अच्छी फिल्में चुनना और अपना आर्टिस्टिक फुलफिलमेंट देखने के अलावा उसकी कमर्शियल सक्सेस के बारे में सोचने में ही यकीन करता हूं।'

फहाद फासिल ने आगे ये भी कहा कि वह सिर्फ पैसे कमाने के लिए एक्टिंग नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, मुझे एक्टिंग से पैसा नहीं कमाना है। मुझे उस पर निर्भर नहीं रहना है। मैं एक ऐसी फैमिली से आता हूं, जो पिछले 40 साल से फिल्में बना रही है। मैं जानता हूं कि यह बिजनेस कितना टेम्परेरी है। मैं फाइनेंशियल इंस्टेबिलिटी को मैनेज कर सकता हूं, लेकिन मैं अपनी अस्थिरता को लेकर चिंतित हूं। मैंने लोगों को बदलते हुए देखा है। मैं चाहता हूं कि चाहे मेरी फिल्में अच्छा परफॉर्म करें या फिर खराब। मैं जैसा हूं वैसा ही बना रहूं। फहाद ने फिल्म 'पुष्पा' में भंवर सिंह शेखावत नाम के पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। इस किरदार में उन्हें काफी पसंद किया गया था। अब वो 'पुष्पा 2' में नजर आएंगे। हाल ही में उनकी फिल्म 'आवेशम' रिलीज हुई है।

## एसएस राजामौली बोले : फिल्म 'बाहुबली' के प्रमोशन पर हमने कुछ भी पैसा खर्च नहीं किया

फिल्ममेकर एसएस राजामौली हाल ही में अपकमिंग एनिमेटेड सीरीज 'बाहुबलीः क्राउन ऑफ ब्लड' की प्रेस कांफ्रेंस में नजर आए। इस दौरान उन्होंने 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'बाहुबली' की फ्रैंचाइजी के बारे में भी बात की। इस दौरान उन्होंने ये भी खुलासा किया कि 'बाहुबली' के दोनों पार्ट्स के प्रमोशन पर उन्होंने बिल्कुल पैसा खर्च नहीं किया। राजामौली ने बताया कि उन्होंने और उनकी टीम ने फिल्म प्रमोशन पर पैसा न खर्च करने के लिए काफी होमवर्क किया था। राजामौली बोले-'जब हमने ये तय किया कि हम प्रमोशन के लिए जीरो बजट रखेंगे तो हमने इस पर कोई भी पैसा खर्च नहीं किया। हमने किसी न्यूजपेपर या वेबसाइट को पोस्टर लगाने के लिए पैसा नहीं दिया। हमने इस बात पर होमवर्क किया कि हम पैसे खर्च किए बिना कैसे प्रमोशन करें। हमने काफी सारे वीडियो बनाए। हमने इंटरनली डिजिटल पोस्टर्स बनाए। हमने कैरेक्टर्स से जुड़े वीडियो बनाए तो इससे काफी पब्लिसिटी हुई लेकिन हमें कोई पैसा खर्च नहीं करना पड़ा। हमने केवल दिमाग और समय लगाया और काम बन गया। राजामौली ने आगे कहा, 'हर फिल्म अलग होती है। हर प्रोडक्ट अलग होता है लेकिन एक फिल्ममेकर होने के नाते आपकी हमेशा कोशिश होनी चाहिए कि नई



ऑडियंस को कैसे जोड़ें और अपने प्रोडक्ट में इंटरेस्ट पैदा करें।

### बाहुबली की फ्रैंचाइजी आगे बढ़ेगी

राजामौली से पूछा गया कि क्या दो पार्ट आने के बाद फिल्म 'बाहुबली' की फ्रैंचाइजी आगे बढ़ेगी तो उन्होंने कहा, 'बाहुबली' सिर्फ एनिमेटेड सीरीज में ही आगे नहीं बढ़ेगी बल्कि इन्हें अन्य मीडियम में भी आगे बढ़ाया जाएगा। अभी इस प्लेटफॉर्म पर उसके बारे में बात करने का सही समय नहीं है।' इस बात पर 'बाहुबली' के प्रोड्यूसर शोबू यरलागड्डा ने भी सहमति जताते हुए कहा, 'बाहुबली' सीरीज की अब तक की फिल्में तो केवल एक छोटा सा हिस्सा हैं। इस पर तो कई फ्रैंचाइजी बन सकती है।'

### सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है बाहुबली

एनिमेटेड सीरीज 'बाहुबलीः क्राउन ऑफ ब्लड' की बात करें तो ये 17 मई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। वहीं फिल्म 'बाहुबली' 2015 में रिलीज हुई ये फिल्म तेलुगु और साउथ सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। साथ ही ये भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी डब फिल्म भी रही। प्रभास की फिल्म 'बाहुबली' भारत की पहली फिल्म है जिसने महज 10 दिन में हजार करोड़ रुपए कमाए थे।

## सार.समाचार

### चौदह भारतीय पहलवान पेरिस ओलिंपिक कोटा करेंगे प्रतिस्पर्धा

**इस्तांबुल।** अमन सहरावत और दीपक पूनिया की अगुवाई में चौदह भारतीय पहलवान विभिन्न भार वर्गों में गुरुवार से तुर्की के इस्तांबुल में शुरू होने वाले विश्व कुश्ती ओलिंपिक क्वालीफायर में पेरिस ओलिंपिक 2024 कोटा हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस्तांबुल में आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता पहलवानों के लिए आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए जगह पक्की करने का आखिरी मौका होगा। प्रत्येक डिवीजन में दो फाइनलिस्ट अपने-अपने देशों के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करेंगे। इस बीच, तीसरा स्थान भार वर्ग में दो कांस्य पदक विजेताओं के बीच प्लेऑफ मुकाबले के विजेता को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए कुश्ती में अब तक सिर्फ चार कोटा हासिल किए हैं। अंतिम पंघाल (53 किग्रा) ने 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप से भारत का पहला कोटा प्राप्त किया था, जबकि विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) ने पिछले महीने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में कोटा हासिल किया था।

### जायसवाल के पास मेरा रिकॉर्ड तोड़ने का अच्छा मौका: लारा



**नई दिल्ली।** यशस्वी जायसवाल का टेस्ट करियर सिर्फ नौ मैच का है लेकिन महान बल्लेबाज ब्रायन लारा को लगता है कि अगर कोई है जो उनके रिकॉर्ड नाबाद 400 रन सहित उनकी उपलब्धियों के करीब पहुंच सकता है तो वह भारत का यह 22 वर्षीय बाएं हाथ का बल्लेबाज है। लारा ने जायसवाल की अत्यधिक प्रशंसा अचानक नहीं की। बाएं हाथ के यह दोनों बल्लेबाज एक विशेष बंधन साझा करते हैं। उन्होंने पिछले साल आईपीएल के दौरान सुबह चार बजे की बातचीत के बाद काफी समय साथ बिताया था। तब लारा सनराइजर्स हैदराबाद को कोचिंग दे रहे थे और युवा सलामी बल्लेबाज जायसवाल राजस्थान रॉयल्स के साथ थे। आईपीएल 2023 के बाद से बहुत कुछ बदल गया है और जायसवाल अब भारत की टेस्ट और टी20 टीम का अहम हिस्सा बन गए हैं। सबसे लंबे प्रारूप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है।

### जगुआर ने बड़ा उलटफेर करते हुए पहली जीत की दर्ज

**नई दिल्ली।** जगुआर एफसी ने बड़ा उलटफेर करते हुए बुधवार को सिटी फुटबॉल क्लब को 2-0 से हरा कर डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की। विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए मैच में विजेता टीम जगुआर एफसी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच थरिंसो और रिशब गिरी ने गोल दागे। अब तक खेले गए मैचों के आधार पर यूनाइटेड भारत ने आठ मैचों में 17 अंक जुटा कर सुपर सिक्स का टिकट पा लिया है। वायुसेना पालम 16 अंक, नेशनल यूनाइटेड, हिंदुस्तान एफसी, शास्त्री और अजमल भी इस दौड़ में शामिल हैं। सभी के नौ मैचों में 14 अंक हैं। जगुआर ने पहली जीत का स्वाद चखा तो सिटी, दिल्ली टाइगर और उत्तराखंड का खराब प्रदर्शन जारी है।

### तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज



**नई दिल्ली।** ओलिंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा, जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरूआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे।

### अंपायरों के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए : आमरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और मैदानी अंपायरों के बीच हुए विवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अंपायरों के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। आमरे ने कहा, आईपीएल में कुछ क्षण बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और यह मैच का निर्णायक क्षण था। उन्होंने कहा, संजू बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था। होप ने जिस तरह से उस कैच को पकड़ा, हमें उसका श्रेय देना होगा। अंपायर मौजूद हैं और बहुत सारी तकनीक है। आमरे ने कहा, हमने डगआउट में भी सोचा था कि उसने ऐसा किया (सीमा रेखा को छुआ) लेकिन खेल में ऐसा होता है और अंपायर का निर्णय ही अंतिम निर्णय होता है। यह आसान कैच नहीं था, शॉट काफी तेज मारा गया था। मैच के बाद भी मैंने उससे बात की और उसने कहा कि गेंद बहुत तेजी से आई थी।




## पीएसजी को हराकर चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची डॉर्टमुंड

**पेरिस।** सारे पूवार्नुमानों को धता बताते हुए बोरूसिया डॉर्टमुंड ने कायलिन एम्बाप्पे जैसे दिग्गजों से सजी पेरिस सेंट-जर्मेन को 1-0 से हराकर 2013 के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में प्रवेश किया। डॉर्टमुंड और पीएसजी के बीच खेले गए मुकाबले में गोल दूसरे हाफ में डॉर्टमुंड के मैट हम्मेल्स ने जूलियन ब्रांट कॉर्नर से हेडर से गोल किया। डॉर्टमुंड मैच के आखिर तक अपनी इस 1-0 की बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसजी के दिग्गज खिलाड़ी एम्बाप्पे ने मैच के बाद कहा कि हम हमेशा पीएसजी में जीतना चाहते हैं, हमें गोल करना चाहिए था। हमारे पास गोल करने के मौके थे, जब आप ऐसा नहीं करते, जब आप दोनों छोर पर कुशल प्रदर्शन नहीं करते है तो आगे बढ़ना मुश्किल होता है। चैंपियंस लीग का फाइनल एक जून को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में खेला जाएगा।

# हेड-अभिषेक की तूफानी पारी हैदराबाद की बड़ी जीत

## आईपीएल : लखनऊ सुपर जायंट्स को 10 विकेट से हराया

### 9.4 ओवर में बिना खोए बना डाले 167 रन

**हैदराबाद। एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 57वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 10 विकेट से हरा दिया। टीम ने 166 रन का लक्ष्य 9.4 ओवर में बिना नुकसान के हासिल कर लिया।

यह आईपीएल में 150+ स्कोर का सबसे तेज रन चेज है। पिछला रिकॉर्ड डेक्कन चार्जर्स के नाम दर्ज था। टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2008 में 155 रन का लक्ष्य 12 ओवर में चेज किया था। एसआरएच से ट्रेविस हेड ने 30 गेंद पर नाबाद 89 रन बनाए, जबकि अभिषेक शर्मा ने 28 गेंद पर नाबाद 75 रन की पारी खेली। दोनों ने 166 रन की शतकीय साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 16 चौके और 14 छक्के जमाए। लखनऊ के गेंदबाज एक भी विकेट नहीं ले सके। इस जीत से हैदराबाद (14 अंक) अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गया है, जबकि लखनऊ छठे स्थान पर फिसल गया है।




### बदोनी-पूरन ने संभाला

राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लखनऊ की शुरुआत धीमी और खराब रही। उसने तीसरे ओवर में क्विंटन डिकॉक (2) का विकेट गवां दिया। मार्कस स्टॉयनिस 3 रन बनाकर पैवेलियन लौट गए। कप्तान केएल राहुल 29 और क्रुणाल पंड्या 24 रन बनाकर आउट हुए। उसके बाद आयुष बदोनी और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला। बदोनी ने 30 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद (55) बनाए। वहीं पूरन 26 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 48 रन की पारी खेली। लखनऊ ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 165 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| राहुल कै. नटराजन बो. कमिंस | 29 | 33 | 1 | 1 |
| डिकॉक के. रेड्डी बो. कुमार | 2 | 5 | 0 | 0 |
| स्टॉयनिस कै. सनविर बो. कुमार | 3 | 5 | 0 | 0 |
| क्रुणाल पंड्या रन आउट | 24 | 21 | 0 | 2 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 48 | 26 | 6 | 1 |
| आयुष बदोनी नाबाद | 55 | 30 | 9 | 0 |

**अतिरिक्त:** 4, **कुल:** 20 ओवर में 4 विकेट पर 165 रन (8.25 रन प्रति ओवर)। **विकेट पतन** : 1-13, 2-21, 3-57, 4-66। **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर कुमार 4-0-12-2, पैट कमिंस 4-0-47-1, शहबाज अहमद 2-0-9-0, विजयकांत वियसकांत 4-0-27-0, जयदेव उनादकट 2-0-19-0, थंगारसु नटराजन 4-0-50-0।

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 75 | 28 | 8 | 6 |
| ट्रेविस हेड नाबाद | 89 | 30 | 8 | 8 |

**अतिरिक्त:** 3, **कुल:** 9.4 ओवर में बिना विकेट खोए 167 रन (17.27 रन प्रति ओवर)। **गेंदबाजी:** कृष्णप्पा गौतम 2-0-29-0, यश ठाकुर 2.4-0-47-0, रवि बिश्नोई 2-0-34-0, नवीन उल हक 2-0-37-0, आयुष बदोनी 1-0-19-0।

## आयरलैंड ने टी20 विश्व कप टीम की घोषणा की स्टर्लिंग को मिली कप्तानी




**डबलिन। एजेंसी**

अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बालबर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है। आयरलैंड टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत ग्रुप ए में पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ करेगा।

ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है। आयरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लगातार आठवीं बार हिस्सा ले रही है। टीम ने यूरोप क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में स्कॉटलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। टीम ने 2009 में पदार्पण करते हुए सुपर आठ चरण में जगह बनाई थी।

**टीम-** पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क एडेयर, रॉस एडेयर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोर्कान टकर, बेन व्हाइट और क्रेग यंग।

### पापुआ न्यू गिनी की कप्तानी करेंगे असद वाला

**पोर्ट मोर्सबी।** पापुआ न्यू गिनी ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसकी कमान 36 साल के अनुभवी असद वाला को सौंपी गई है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में भी यह भूमिका निभाई थी। असद नौ अन्य खिलाड़ियों और जैक गार्डनर के साथ 2021 में ओमान और यूएई में हुए टूर्नामेंट की टीम का भी हिस्सा थे। ऑल राउंडर सीजे अमिनी को उप कप्तान बनाया गया है जबकि 20 साल के स्पिनर जॉन केरिको टीम के सबसे युवा खिलाड़ी हैं। पापुआ न्यू गिनी ने पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफार जीतकर दूसरी बार टी20 विश्व कप में जगह बनाई है। टीम अभियान की शुरूआत दो जून को गयाना में वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रुप सी मुकाबले के साथ करेगी।

**टीम-** असद वाला (कप्तान), सीजे अमिनी, एली नाओ, चाड सोपर, हिला वेरे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, काबुआ वागी मोरिया, किपलिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाउ और टोनी उरा।

### सैमसन के आउट होने के बावजूद हमें मैच जीतना चाहिए था: संगकारा



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का कहना है कि कप्तान संजू सैमसन के आउट होने के बाद टीम मुश्किल स्थिति में थी लेकिन उसे फिर भी यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच जीतना चाहिए था। दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 46 गेंद में 86 रन बनाकर पैवेलियन लौटे। उनके आउट होने के बाद रॉयल्स को 27 गेंद पर 60 रन की दरकार थी लेकिन टीम मंगलवार रात 20 रन से हार गई। रॉयल्स की टीम अगर जीत दर्ज करती तो प्ले ऑफ में उसकी जगह सुनिश्चित हो जाती जबकि दिल्ली की टीम नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो जाती। संगकारा ने कहा, उसके आउट होने के बावजूद हमें शायद यह मैच जीतना चाहिए था। उन्होंने कहा, हार मिलती हैं। सत्र की शुरूआत में हमने शानदार प्रदर्शन किया था। हमने इस मैच में शानदार गेंदबाजी की, विशेषकर अश्विन ने, लेकिन एक बार जब आप बहुत सारी सहज गलतियां करते हैं तो यह बहुत कठिन हो जाता है। आखिर यह योजनाओं को लागू करने से जुड़ा है।

### ऑल इंडिया रैंकिंग जूनियर टेनिस टूर्नामेंट

## श्रव्या दो वर्गों के सेमीफाइनल में

**इंदौर**

मध्य प्रदेश की श्रव्या सोजतिया ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए शहर में आयोजित डेली कॉलेज ओपन ऑल इंडिया रैंकिंग जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में दो वर्गों के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने बालिका एकल के साथ ही युगल वर्ग में आन्या खान के साथ अंतिम चार में जगह बनाई।

डेली कॉलेज में अंडर-12 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित स्पर्धा में देशभर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। स्पर्धा में बुधवार को लड़कियों के एकल वर्ग में अधिकांश मुकाबले एकतरफा रहे। अगन्या भदौरिया के खिलाफ श्रव्या सोजतिया ने बेहद आक्रामक खेल दिखाते हुए विपक्षी खिलाड़ी की एक न चलने दी। उन्होंने यह मुकाबला 6-0, 6-0 से जीता। उन्होंने विपक्षी खिलाड़ी को कोर्ट के दोनों और दौड़ाया। उन्होंने मानसिक रूप से भी मजबूती दिखाते हुए विपक्षी खिलाड़ी की सेकंड सर्विस को ब्रेक करते हुए दबाव बनाया। अब सेमीफाइनल में श्रव्या का सामना अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आन्या राठी से होगा। एक अन्य मैच में आन्या राठी की टक्कर सानवी सिंह से हुई। आन्या ने अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए आसानी से यह मैच जीता। कुछ ऐसा ही परिणाम वैदेही शुक्ला और जिया सैफी के मैच में दिखा। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वैदेही ने विपक्षी खिलाड़ी को पूरे मैच में सिर्फ एक ही अंक बनाने दिया। वैदेही ने मैच 6-1, 6-0 से जीतते हुए अगले दौर में आसानी से प्रवेश किया। शारवी गहलोत और शुचिता त्रिपाठी के बीच खेले गए मैच में कुछ टक्कर दिखाई दी, लेकिन यह भी पहले सेट तक सीमित रही। शुचिता ने 6-4, 6-1 से मैच जीता। बालिका युगल वर्ग में आन्या खान और श्रव्या सोजतिया की जोड़ी ने अहाना उघाड़े और सानवी सिंह की जोड़ी को 6-0, 6-0 से पराजित किया।



### त्रिशिर और श्लोक ने दर्ज की जीत

बालक एकल वर्ग में दिन का पहला मुकाबला त्रिशिर धवन और रुहान तलरेजा के बीच हुआ। त्रिशिर ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए एकतरफा अंदाज में यह मैच 6-1, 6-2 से अपने नाम किया। गर्व मालपानी और नरसिंह देव के बीच खेले गए मैच में कुछ टक्कर नजर आई। इस मैच में गर्व ने 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। विहान नवाब और हितार्थ सुराणा के बीच मैच में टक्कर दिखाई दी। दोनों ही खिलाड़ी अनुभवी और पिछले मैचों में जोरदार जीत के बाद उत्साह से भरे थे। हर अंक के लिए दोनों ने एक-दूसरे के सामने चुनौती पेश की। अंत में हितार्थ ने 6-4, 6-2 से जीत दर्ज करते हुए अपने कदम आगे बढ़ाए।



## भोपाल ने इंदौर को 8 विकेट से हराया

**इंदौर**

बॉयज अंडर-22 इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट में भोपाल में इंदौर को 8 विकेट से हराकर विजेता बना। इंदौर के होलकर स्टेडियम में मप्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंदौर ने 41.4 ओवर में 163 रन बनाए। इंदौर की ओर से अभिषेक मावी ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। बाकी कोई भी खिलाड़ी बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब नहीं हो सका और पूरी टीम 163 रन के स्कोर पर सिमट गई। भोपाल की टीम ने 2 विकेट खोकर 30.3 ओवर में 167 रन बनाकर मैच जीत लिया। भोपाल के लिए तनिष्क यादव ने नाबाद 84 और अरहम अकील ने 52 रन बनाए।

## राजस्थान के कप्तान सैमसन पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमसन को अंपायर के फैसले से असहमति व्यक्त करने के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल एक का दोषी पाया गया। उन्होंने दोष और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 16वें ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर शाई होप ने लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हो गए थे। होप ने सीमा रेखा के करीब कैच लपका और अपने पैर जमाने से पहले थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गए। इस बात को लेकर अनिश्चितता थी कि उनका पैर बाउंड्री को छू गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### परशुराम जन्मोत्सव पर्व में शामिल हो, 10 मई को परशुराम मंदिर से निकलेगी शोभायात्राः सर्व विप्र समाज प्रदेशाध्यक्ष रामचंद

**रायगढ़।** विप्र समाज के सबसे बड़े उत्सव भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने सभी विप्र समाज से अपील की है। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने बताया कि रायगढ़ में विप्र समाज की स्थानीय संस्था के माध्यम से हर वर्ष भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी अक्षय तृतीया 10 मई शुक्रवार को शाम 4 बजे से भगवान परशुराम मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो पूरे शहर में भ्रमण करेगी। इस दौरान भक्त गणों के द्वारा जलपान और स्वागत की व्यवस्था भी की गई है। इस पावन अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने सम्पूर्ण विप्र समाज से अपील की है कि इस शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दें। और भगवान परशुराम जी के बताए आदर्शो पर चलकर देश सेवा करें।



### जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं को उनके सहयोग के लिए किया आभार व्यक्त

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिले के मतदाताओं द्वारा लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास द्वारा जिले के सभी मतदाताओं को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा जिले के सभी मतदाता सुबह 07:00 बजे से मतदान के लिए कतार में खड़े आये, जो कि उनके जागरूक मतदाता होने का परिचय देता है। इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन के कार्य में अपना योग देने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर 1 जून 2024 तक प्रतिबंध

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत तृतीय चरण का मतदान 7 मई 2024 को संपन्न हुआ है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों के तहत किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर 19 अप्रैल 2024 से 01 जून 2024 की शाम 06.30 बजे तक प्रतिबंध है और इस अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# परीक्षा परिणाम से छात्रों में उत्पन्न तनाव को दूर करें : रविंद्र द्विवेदी

## आज 10वीं-12वीं बोर्ड के परीक्षाफल घोषित होंगे, पालक रखेंगे आवश्यक ध्यान, बच्चों को बिल्कुल अकेले में न रहने दें

बिलासपुर (ब्यूरो)

**जांजगीर।** तनाव, अवसाद, और आत्मघाती विषय बहुत महत्वपूर्ण हैं और हमें इन पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। तनाव और अवसाद आधुनिक जीवनशैली का एक सामान्य हिस्सा बन गए हैं, जहां लोग प्रेशर, संघर्ष, और आत्मसंघर्ष का सामना करते हैं। अधिकतर छात्र छात्रायें इन परिस्थितियों स्थितियों के साथ निपट लेते हैं,लेकिन कई बार यह भावनाओं का बोझ बन सकता है और आत्महत्या की दिशा में ले जाता है।

परीक्षा परिणाम आते ही बहुत से विद्यार्थी तनाव में दिखाई देते हैं और उनमें से कुछ अप्रिय,आत्मघाती कदम भी उठा लेते हैं। अवसादग्रस्त होकर आत्मघाती कदम न उठाए इसके लिए कुछ दिवस पहले ही शासन ने इस बात को गंभीरता से लेते हुए यह कार्यक्रम चलाया है,हम सब इस प्रयास में अपने सहयोग देकर परीक्षा परिणाम को तनाव मुक्त बना सकते हैं।

विद्यार्थी जीवन में बोर्ड व स्थानीय परीक्षा ही सिर्फ जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं होती है, सफलता असफलता ठीक सुख और दुख की भांति ही जीवन की एक प्रक्रिया मात्र है और प्रत्येक सफलता व असफलता हमें जीवन में कुछ न कुछ सीख देकर ही जाती है इसलिए छात्र जीवन में परीक्षा परिणाम को अत्यधिक तनाव का कारण नहीं बनने देना चाहिए।



तनावग्रस्त और अत्यधिक चिंतित छात्रों को सहायता प्रदान करने के लिए पालक, शिक्षक और सामाजिक संगठनों को निम्नलिखित कार्रवाई करनी चाहिएः

पालकों को परीक्षा परिणाम के समय विशेषकर उनकी मानसिकता,भावनाओं एवं क्रियाकलापों पर ध्यान देना चाहिए।अपने बच्चों के साथ नियमित संवाद में रहना चाहिए और उन्हें समझाना चाहिए कि परीक्षा के नतीजे एकमात्र मापदंड नहीं हैं। उन्हें अपने बच्चों की सकारात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें योग्यता के अनुसार प्रशंसा करना चाहिए। उन्हें ज्यादा मानसिक दवाव नहीं देना चाहिए। बच्चों के लिए पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण प्रदान करना चाहिए।बात बात पर रोकना टोकना भय दिखाना नहीं चाहिए। अपने अपनत्व,स्नेह, प्यार से परीक्षा एवं परीक्षाफल के डर को दूर करना चाहिए।

शिक्षकों को छात्रों के साथ संवाद में रहना और उन्हें समर्थन प्रदान करना चाहिए। शिक्षकों को छात्र छात्राओं से जुड़कर उनकी समस्याओं एवं उनकी कमजोरियों से जुड़ना चाहिए। मित्रवत होकर वे छात्रों को परीक्षा की दिशा में निरंतर प्रेरित करें और सहायता प्रदान कर तनाव से मुक्ति दिलाना चाहिए।

सामाजिक संगठनों को छात्रों के सामाजिक और आत्मतृप्ति स्तर को बढ़ाने में मदद करनी चाहिए। वे छात्रों को मानसिक समर्थन प्रदान कर सकते हैं और उन्हें सकारात्मकता की दिशा में ले जा सकते हैं। पढ़ाई से संबंधित किसी भी समस्या पर आवश्यक मदद करना चाहिए।

परीक्षा सम्बंधित सामग्री स्कूल और सामाजिक संगठनों को छात्रों के लिए परीक्षा से संबंधित सहायक सामग्री और संपर्क की जानकारी प्रदान करनी चाहिए। यह छात्रों को आत्मविश्वास और सहजता महसूस कराता है।

पर्यावरण बनाए रखना छात्रों के लिए परीक्षा समय में सकारात्मक और सहानुभूति संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। यह उन्हें आत्मविश्वास और सकारात्मकता देने में मदद करता है।

इन कदमों के माध्यम से, छात्रों को परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करने और सही मार्गदर्शन प्रदान करने में मदद मिलेगी और वे आत्मघाती कदम नहीं उठाएंगे।

**रविन्द्र द्विवेदी**
**शिक्षक एवं साहित्यकार चांपा**

# कोरिया जिले के इस बूथ में सुबह 9 बजे ही 100 फीसदी मतदान



बिलासपुर (ब्यूरो)

**कोरिया।** कोरिया जिले में एक अनोखा रिकार्ड बन गया है। इस जिले के एक मतदान केंद्र में सुबह 9 बजे ही 100 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

दरअसल, शेराडांड नामक मतदान केंद्र क्रमांक 143 में सुबह 9 बजे तक शत प्रतिशत मतदान हुआ है। इस तरह शत प्रतिशत मतदान कराने वाला प्रदेश का एकमात्र केंद्र बन गया है। शेराडांड में 3 पुरुष, 2 महिला यानी कुल 5 मतदाता हैं। सुबह 9 बजे से पहले ही इन सभी मतदाताओं ने वोट डाल लिए।

बता दें, कोरिया जिले के कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने मतदाताओं को अपनी शत प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए आभार व्यक्त किया है। शेराडांड मतदान केंद्र कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत में सुदूर वनांचल में स्थित है।

# कलेक्टर ने निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर किया आभार व्यक्त

बिलासपुर (ब्यूरो)

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों सहित जांजगीर-चांपा जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने कहा कि सभी जांजगीर-चांपा जिले के नागरिकों के सहयोग से निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण तरीके से



लोकसभा निर्वाचन संपन्न हुआ। लोकतंत्र के इस महापर्व में जिले के सभी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके लिए जिला प्रशासन, जांजगीर-चांपा आप सभी मतदाताओं का आभारी है। उन्होंने कहा एन.एस.एस., स्काउट गाइड, मतदान मित्र, स्वीप की गतिविधियों से जुड़े समस्त स्वयं सेवकगण एवं मीडिया के साथियों ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को निर्विघ्न पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कलेक्टर ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी एवं अन्य सभी को सफलता पूर्वक कार्यो का निर्वहन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 382 मतदाताओं ने डाक मतपत्र से किया मतदान

**कोरिया।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 03 बैकुंठपुर में अनिवार्य सेवा, पुलिस बल, नगर सैनिक, वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी द्वारा सुविधा केन्द्रों पर उपस्थित होकर एवं होम वोटिंग के दौरान डाक मतपत्र द्वारा मतदान कराया गया। निर्वाचन कार्य मे नियोजित अधिकारी, कर्मचारियों को कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया गया है। पुलिस विभाग, नगर सैनिक, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, वन विभाग तथा अन्य जिला के फार्म-12 तथा 85 वर्ष व उससे अधिक उम्र के मतदाता एवं 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को फार्म 12 घ-डी कुल 468 पोस्टल बैलेट जारी की गई थी, जिसमें से 382 मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र द्वारा मतदान किए गए हैं तथा 975 मतदान दलों को ईडीसी जारी

# ईवीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में किया गया सील




### सीसीटीवी और सुरक्षा जवानों द्वारा रखी जा रही है निगरानी

बिलासपुर (ब्यूरो)

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए सरगुजा अंतर्गत सूरजपुर जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री गिरीराज दत्त शर्मा (आइआरएस), पुलिस प्रेक्षक श्री मुख्तर मोशीन (आईपीएस), कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र पैकरा, एआरओ, व अन्य संबंधित अधिकारी की उपस्थिति में प्रेमनगर (04), भटगांव (05) व प्रतापपुर (06) विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग कर दिया गया है। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। सुरक्षा जवानो द्वारा स्ट्रांग रूम की निगरानी 24/7 रखी जायेगी। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सीसीटीवी स्थापित किये गये है।

# कलेक्टर व एसपी ने मतदान कर की जिले के सभी नागरिकों से मतदान करने की अपील





बिलासपुर (ब्यूरो)

**बिलासपुर।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण एवं पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने आज सवेरे बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के मिशन उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्थित आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 59 में आम लोगों के साथ कतार में लगकर मतदान किया। कलेक्टर ने सपत्नीक मतदान किया। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और उनकी पत्नी सीएसपी पूजा कुमार ने भी मतदान किया।

सीईओ जिला पंचायत आर.पी. चौहान ने भी यहां मतदान किया। कलेक्टर एवं एसपी ने मतदान केंद्र में उपस्थित सुरक्षा बल के जवानों के साथ हाथ मिलाकर पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने मतदान केंद्र में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारी को भी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रेरित करते हुए आल द बेस्ट कहा। कलेक्टर एवं एसपी ने मतदान केंद्र में बनाए गए सेल्फी जोन में सेल्फी भी लिया। कलेक्टर ने मतदान केंद्र में उपस्थित सभी मतदाताओं को जागरूकता के साथ मतदान करने के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने सभी मतदाता से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

# सक्ती जिले में स्ट्रांग रूम किया गया सील






### स्ट्रांग रूम को कड़ी सुरक्षा के साथ-साथ रखा गया सीसीटीवी की निगरानी में

बिलासपुर (ब्यूरो)

**सक्ती।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत सक्ती जिले में 7 मई को मतदान के पश्चात स्ट्रॉन्ग रूम नंदेलीभाठा में सभी मतपेटियों के आने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो, ऑब्जर्वर असिस्टेंट सोनू कुमार, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण सोम, एआरओ बालेश्वर राम, एआरओ के एस पैकरा, एआरओ रूपेंद्र पटेल, सहायक कोषालय अधिकारी श्रीमती माधुरी भारद्वाज, प्रवीण मिश्रा, दलबीर सिंह चंद्रा, रवि कुमार एवं राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज 8 मई को सुबह स्ट्रांग रूम को सील किया गया।

स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है। स्ट्रांग रूम को सील करने के बाद चाबियो को सुरक्षित रूप से रखने के लिए जिला कोषालय के अधिकारियों को सुपुर्द किया गया है।

# मतदान कराकर सकुशल लौटे दल का हुआ अभिनंदन



बिलासपुर (ब्यूरो)

**कोरिया।** जिले में निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया पूरी कराकर मतदान दल वापस आने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने रामानुज विद्यालय परिसर में पहले मतदान दल का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया और उन्हें लोकतंत्र के महत्वपूर्ण पर्व के बेहतर सम्पादन के लिए धन्यवाद दिया। जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र निग्नोहर मतदान केंद्र क्रमांक 137 में नियुक्त दल के सदस्य सबसे पहले रामानुज विद्यालय परिसर में पंहुचे। इस दल के पीठासीन अधिकारी हरिशंकर साहू और उनके साथ दल में नियुक्त पूरन लाल, सईद अनवर खान और शिवबालक केवट का सुरक्षा बल के साथ पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी और लोकसभा निर्वाचन की सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंकिता सोम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कोरिया जिले में लोकसभा क्षेत्र कोरबा के लिए आज मतदान सम्पन्न हुआ और सभी मतदान केंद्रों में निष्पक्ष चुनाव पूर्ण करा लिया गया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक बृजभाल पाण्डेय (मनोज) द्वारा असमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जयस्तंभ चौक रायपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित एवं मकान नं. 1/78 पुष्पांजलि नेहरू नगर, नर्मदा नगर गेट क्रमांक 1 के सामने बिलासपुर - 495001 छत्तीसगढ़ से प्रकाशित।
सम्पादक-बृजभाल पाण्डेय (मनोज), सह संपादक - राजेंद्र गुप्ता दुर्ग (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बिलासपुर छत्तीसगढ़ रहेगा) Email-bulandmedia@gmail.com